33वीं

वार्षिक रिपोर्ट

2009-2010

इण्डिया ट्रेड
प्रमोशन आर्गनाइजेशन

वार्षिक रिपोर्ट
2009-2010

इण्डिया ट्रेड
प्रमोशन आर्गनाइजेशन

आई आई टी एफ में भागीदार देशों के ध्वज

विषय-सूची

निदेशक मण्डल 6

प्रमुख कार्यकारी 7

भारत एवं विदेशों में आई टी पी ओ के कार्यालय 11

अध्यक्ष महोदय का वक्तव्य 14

वार्षिक आम बैठक की सूचना 19

निदेशकों की रिपोर्ट 22

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां 38

सचिवीय अनुपालन प्रमाण-पत्र 45

लेखा 52

अनुषंगी कम्पनियां

(i) तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन 80

(ii) कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन 107

33वीं

वार्षिक रिपोर्ट

2009-2010

प्रगति मैदान, नई दिल्ली स्थित आई टी पी ओ कार्यालय का दृश्य

आई आई टी एफ का आनन्द उठाती आम जनता

निदेशक मण्डल

डा. सुवास पाणि
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

डा. सुतानू बेहूरिया
विशेष सचिव तथा वित्तीय सलाहकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

श्री पी. के. दाश
संयुक्त सचिव
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

सुश्री रीनत संधू
संयुक्त सचिव
विदेश मंत्रालय

श्री प्रवीर कुमार
संयुक्त सचिव
सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्यम
मंत्रालय

श्री राजीव यादव
कार्यकारी निदेशक
(17.01.2010 तक)

श्री नीरज कुमार गुप्ता
कार्यकारी निदेशक
(16.02.2010 से)

प्रमुख कार्यकारी

श्री सफदर हुसैन खान
वरिष्ठ महाप्रबन्धक

श्री ए. के. खन्ना
वरिष्ठ महाप्रबन्धक, वित्तीय सलाहकार
तथा कम्पनी सचिव

श्री वी. के. गाबा
विशेष कार्याधिकारी

श्री एन. के. सेठी
महाप्रबन्धक

सुश्री नसीम इस्हाक
महाप्रबन्धक

श्री पी. सी. शर्मा
महाप्रबन्धक

श्री एन. के. सहगल
महाप्रबन्धक

श्री हुकुम चन्द टी.
महाप्रबन्धक

श्री के. एस. दबास
महाप्रबन्धक

डा. के. एम. सोनी
महाप्रबन्धक

श्री के. सी. राउत
महाप्रबन्धक

श्री विक्रम सहगल
महाप्रबन्धक

लेखा परीक्षक
मैसर्स तिवारी ऐण्ड एसोसिएट्स

बैंकर्स
सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया
केनरा बैंक
भारतीय स्टेट बैंक

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक महोदया दिल्ली की मुख्यमन्त्री शीला दीक्षित के साथ भारत की महा महिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल की आगवानी करती हुईं

आई आई टी एफ के उद्घाटन समारोह में जनसमूह को सम्बोधित करती हुईं श्रीमती शीला दीक्षित

भारत एवं विदेशों में आई टी पी ओ के कार्यालय



इण्डिया ट्रेड
प्रमोशन आर्गनाइजेशन

टेकमार्ट का दृश्य

आई आई टी एफ के समापन समारोह में बैण्ड वादन

भारत एवं विदेशों में आई टी पी ओ के कार्यालय

पंजीकृत मुख्यालय

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन
प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली-110001
फोन : 91-11-23371540 (ईपीएबीएक्स), फैक्स : 91-11-23371492/93
ई–मेल : info@itpo-online.com, itpo@vsnl.com, वेबसाइट : www.indiatradefair.com
ट्रेड पोर्टल : www.tradeportalofindia.com

क्षेत्रीय कार्यालय

बंगलौर
24-ए, इम्पीरियल कोर्ट,
33/1, कनिंघम रोड,
बंगलौर - 560052
फोन : 91-80-22268867, 22268969
फैक्स : 91-80-22258662
ई–मेल : itpo@blr.vsnl.net.in

चेन्नई
राजा, अन्नामलाई बिल्डिंग, द्वितीय तल,
72, रुक्मणी लक्ष्मीपति रोड,
एग्मोर,
चेन्नई - 600008
फोन : 91-44-28554655, 28415416
फैक्स : 91-44-28554740
ई–मेल : itpochn@md4.vsnl.net.in

कोलकाता
इन्टरनेशनल ट्रेड फेसिलिटेशन सेन्टर
पांचवां तल, 1/1, वुड स्ट्रीट
कोलकाता - 700016
फोन : 91-33-22825820, 22822904, 22828586
फैक्स : 91-33-22828269
ई–मेल : itpocal@cal3.vsnl.net.in

मुम्बई
7, कूपरेज रोड, तृतीय तल,
झांसी कैसल, मुम्बई - 400039
फोन : 91-22-22026629, 22021788, 22044918, 22850878
फैक्स : 91-22-22044922
ई–मेल : itpomum1@mantraonline.com

वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर–1,
ग्यारहवां तल, कफे परेड,
मुम्बई - 400005
फोन : 91-22-22184135, 22183734, 22185263
फैक्स : 91-22-22184125
ई–मेल : itpo_bombay@mtnl.net.in
(31-12-2009 को खाली कर दिया है।)

विदेश कार्यालय

ब्राजील
अल्मेडा सन्तोस,
705-10वां तल, कोन्ज. 107/108,
साओ पोलो, ब्राजील – 01419-001
फोन : 00-55- 11-32845925, 32848095
फैक्स :00-55-11-32668196
ई–मेल : itpo@indiatrade.org.br
वेबसाइट : www.indiatrade.org.br

जर्मनी
"इण्डिया हाउस",
फ्रीडरिच एबर्ट एन्लाज - 26, डी-60325,
फ्रैंकफर्ट/मेन, (जर्मनी)
फोन : 00-49-69-553773, 15300533
फैक्स : 00-49-69-554230
ई–मेल : itpo@itpofrankfurt.com
वेबसाइट : www.itpofrankfurt.com

जापान
33, मोरी बिल्डिंग, आठवां तल,
3-8-21, तोरानोमान, मिनाटो–कु,
टोकियो-105-0001 (जापान)
फोन : 00-81-3-34365060, 34365063
फैक्स : 00-81-3-34315659
ई–मेल : info@itpotyo.org
वेबसाइट : www.itpotyo.org

रूस
प्रथम मंजिल, 38, लोमोनोसोव्स्की प्रोस्पेक्ट,
मास्को - 119330 (रूस)
फोन : 00-74-99-1476215
फैक्स : 00-74-99-1471403
ई–मेल : itpomos@caravan.ru
वेबसाइट : www.itpomos.ru
(31-12-2009 को बन्द हो गया है।)

संयुक्त राज्य अमेरिका
60 ईस्ट, 42वीं स्ट्रीट,
सूट 824, लिंकन बिल्डिंग,
न्यूयार्क, एन वाई - 10165 (यू एस ए)
फोन : 001-212-3705262/63
फैक्स : 001-212-3705250
ई–मेल : itpony@gmail.com
(31-03-2010 को बन्द हो गया है।)

टेक्स–स्टाइल्स इण्डिया में स्थापित स्टाल

इण्डिया फर्निशिंग का सिंहावलोकन

अध्यक्ष महोदय का वक्तव्य





इण्डिया ट्रेड
प्रमोशन आर्गनाइजेशन

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

33वीं वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक का वक्तव्य

देवियो और सज्जनो,

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन की 33वीं वार्षिक आम बैठक में आपका स्वागत करते हुए मुझे आज बहुत खुशी हो रही है। पिछले वित्त वर्ष 2009–10 के दौरान आई टी पी ओ और उसकी सहायक कम्पनियों के वित्तीय परिणामों, वास्तविक उपलब्धियों और मानवीय निष्पत्तियों को प्रस्तुत करने से पहले मैं सर्वप्रथम आपका धन्यवाद करना चाहता हूं कि आप अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकाल कर इस बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर मैं अपने पारस्परिक सम्बन्धों को फिर से और सुदृढ़ बनाना चाहता हूं।

निदेशकों ने वित्त वर्ष 2009–10 के लिए अपना प्रतिवेदन एवं परीक्षित लेखे तथा सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां प्रस्तुत कर दी हैं। ये सभी आपको पहले ही परिचालित किये जा चुके हैं। आपकी अनुमति से मैं इन्हें पढ़ा हुआ मान लेता हूं।

आई.टी.पी.ओ. की प्रगति का विहंगावलोकन

भले ही अत्यन्त उग्र विश्वव्यापी वित्तीय संकट एवं तदुपरान्त आर्थिक मन्दी ने अन्तरराष्ट्रीय व्यापार को बहुत अधिक प्रभावित किया हो, फिर भी मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आई टी पी ओ को 31 मार्च, 2010 तक के कार्य संचालन से गत वित्त वर्ष 2008–09 के 85.64 करोड़ रु. और उससे पूर्ववर्ती वित्त वर्ष 2007–08 के 68.59 करोड़ रू. के मुकाबले 77.57 करोड़ रू. का अधिशेष प्राप्त हुआ। पिछले दो वित्तीय वर्षों – 2007–08 और 2008–09 की तुलना में क्रमशः 13.09 प्रतिशत वृद्धि और 9.42 प्रतिशत गिरावट है। कुल आय 2007–08 के दौरान 169.77 करोड़ रु. और 2008–09 के दौरान 220.69 करोड़ रु. की तुलना में वर्ष 2009–10 के दौरान 238.72 करोड़ रु. हुई। इस वर्ष कम्पनी ने पट्टे तथा अन्य प्रभारों के लिए भूमि तथा विकास कार्यालय को 22.24 करोड़ रु. का भुगतान किया।

यह कम्पनी, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अनुसार पंजीकृत है। इसीलिए कम्पनी के अन्तर्नियमों के अनुसार कोई भी लाभांश देय नहीं है। 77.57 करोड़ रू. की व्यय से अधिक आय की राशि इसके उद्देश्यों को आगे बढ़ाने हेतु उपयोग के लिए आरक्षित एवं अधिशेष खाते में डाली गयी है।

2009–10 के दौरान कार्य–निष्पादन

वर्ष 2009–10 के दौरान विश्व भर में भारतीय व्यापार को बढ़ाने के अपने लक्ष्य को देखते हुए आई टी पी ओ ने दो एकल भारतीय प्रदर्शनियों, एक गेस्ट ऑफ ऑनर भागीदारी और 2 लघु भारतीय प्रदर्शनियों सहित कुल 29 व्यापार मेलों में भागीदारी का आयोजन किया। इन 29 मेलों में से 8 मेले/प्रदर्शनियों यूरोप में, 7 अफ्रीका एवं मध्य–पूर्वी क्षेत्र में, 2 लातिन अमेरिका में, 6 दक्षिण–पूर्व एशिया एवं सुदूर पूर्व में, 3 संयुक्त राज्य अमेरिका में, एक सार्क क्षेत्र में तथा 2 सी आई एस क्षेत्र में आयोजित किये गये थे। इन मेलों में 9 सामान्य मेले थे तथा 15 विशेषीकृत मेले और अल्माटी, सेन्ट पीटर्सवर्ग, थेस्सोलोनिकी और ओसाका में आयोजित 5 एकल भारतीय प्रदर्शनियां/ गेस्ट ऑफ ऑनर भागीदारी/लघु भारत प्रदर्शनियां थी।

इस वर्ष विदेशों में आयोजित कुछ प्रमुख मेले समर फैन्सी फूड शो, न्यूयार्क (यू एस ए); सार्क व्यापार मेला, थिम्पू (भूटान); इण्डिया गारमेन्ट शो और इण्डिया होम फर्निशिंग शो, ओसाका (जापान); थेस्सालोनिकी अन्तरराष्ट्रीय मेला (ग्रीस), अनूगा खाद्य पदार्थ मेला, कोलोन (जर्मनी), आपेक्स, लास वेगास (यू एस ए), अफ–लार्तिजियानो अन्तरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला, मिलान (इटली), काहिरा अन्तरराष्ट्रीय मेला (मिस्र), एशिया प्रशान्त चमड़ा मेला (हांग कांग), प्रैक्टिकल वर्ल्ड (कोलोन) तथा अल्माटी (कजाखस्तान) व सेन्ट पीटर्सवर्ग (रूस) में आयोजित दो एकल भारतीय प्रदर्शनियां थीं।

वर्ष 2009–10 के दौरान आई टी पी ओ ने भारत में राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय दोनों स्तरों के कुल 16 मेलों का आयोजन किया। इनमें से 11 मेले दिल्ली में, एक–एक मेले मुम्बई, सिलीगुड़ी और कोलकाता में तथा दो मेले चेन्नई में आयोजित किये गये। तीन विशेषीकृत चमड़ा मेलों, टेक्सस्टाइल्स इण्डिया, अन्तरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ मेला – आहार, आरोग्य, दिल्ली पुस्तक मेला, और स्टेशनरी मेले में उद्योग और व्यापार जगत से भरपूर सहयोग मिला और भागीदारी हुई। आई टी पी ओ ने इनर्जीटेक और इन्वायरोटेक नामक प्रदर्शनी – युगल की दूसरी कड़ी का आयोजन किया।

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

आई टी पी ओ का प्रमुख वार्षिक मेला – 14 से 27 नवम्बर 2009 के दौरान प्रगति मैदान, नई दिल्ली में भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेले की 29वीं कड़ी का सफलतापूर्वक आयोजन किया। मेले की थीम 'सेवाओं का निर्यात' थी। मेले में चीन, साझेदार देश तथा थाइलैण्ड फोकस देश था। दिल्ली 'साझेदार राज्य' तथा उत्तराखण्ड 'फोकस राज्य' था। 929 विदेशी प्रतिनिधिमण्डलों सहित कुल 5,846 व्यापार प्रतिनिधिमण्डल यह मेला देखने आये। आई आई टी एफ 2009 के दौरान की गयी नई पहलें मेले को 'हरित एवं पर्यावरणानुकूल मेला' एवं प्रगति मैदान को 'धूम्रपान रहित क्षेत्र' घोषित करना थी। अलग से फूड प्लाजा बनाये गये थे जहां पर राज्यों के क्षेत्रीय व्यंजन सुलभ थे। मेले को व्यापारोन्मुख बनाने के लिए इसके पहले पांच दिन – 14 से 18 नवम्बर केवल व्यापारी दर्शकों के लिए ही आरक्षित रखे गये थे। मेले की अन्य एक प्रमुख विशेषता इसरो के सहयोग से आई टी पी ओ द्वारा लगायी गयी 'भारत की अन्तरिक्ष यात्रा' नामक प्रदर्शनी थी जिसमें अन्तरिक्ष युग में भारत द्वारा की गयी उल्लेखनीय उपलब्धियों पर विशेष प्रकाश डाला गया था।

वर्ष के दौरान आई टी पी ओ ने हांगकांग, मलेशिया, चीन और थाइलैण्ड से आये 20 विदेशी प्रतिनिधिमण्डलों/क्रेताओं के दौरों का समन्वयन किया तथा विविध उत्पादों व सेवाओं का व्यापार करने वाले भारतीय निर्माताओं/निर्यातकों के साथ उनकी व्यक्तिगत अलग–अलग बैठकों का आयोजन किया।

विशेषीकृत और सामान्य व्यापार मेलों/प्रदर्शनियों को आयोजित करने के लिए व्यापार और उद्योग–जगत को प्रगति मैदान स्थित प्रदर्शनी हाल, सम्मेलन सुविधाएं उपलब्ध करायी गईं। उद्योग संघों, केन्द्रीय मन्त्रालयों, निर्यात संवर्धन संगठनों और अन्य मेला आयोजकों द्वारा प्रगति मैदान में ऑटो एक्स्पो, नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला, डिफेक्स्पो आदि जैसे प्रतिष्ठित मेलों सहित 85 मेले आयोजित किये गये।

एक्स्पो 2010, शंघाई

एक नोडल एजेन्सी के रूप में आई टी पी ओ ने एक्स्पो 2010, शंघाई में भारत मण्डप का निर्माण किया। इस सम्पूर्ण मेले की थीम– 'बेहतर शहर – बेहतर जीवन' के अनुरूप भारत मण्डप का थीम 'समरसता पूर्ण शहर' है। प्राचीन काल से लेकर मध्यकाल होते हुए आधुनिक भारत की सैर कराता भारत मण्डप भारत की सुसमृद्ध विरासत, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं भाषाई विविधता, पारम्परिक व आधुनिक प्रौद्योगिकीय विकास तथा शहरी – ग्रामीण पार्थक्य की झांकी प्रस्तुत करता है। भारत मण्डप में प्राचीनकाल व आधुनिक युग की स्टेट आफ दि आर्ट प्रौद्योगिकियों के उदाहरण साथ–साथ प्रस्तुत किये गये हैं। इस मेले में भारत मण्डप को 'विनर आफ पीपल्स च्वाइस पेविलियन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राजभाषा हिन्दी

दिन–प्रतिदिन के सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने हेतु अगस्त 2009 के दौरान हिन्दी नोटिंग–ड्राफ्टिंग, हिन्दी अनुवाद, हिन्दी कविता पाठ और हिन्दी निबन्ध लेखन – चार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले प्रतियोगियों को नगद पुरस्कार दिये गये।

अनुषंगी कम्पनियां

आई टी पी ओ ने चेन्नई और बंगलौर में दो क्षेत्रीय व्यापार केन्द्र स्थापित किए हैं जो क्रमशः आई टी पी ओ और तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम लि. एवं कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड के साथ संयुक्त उद्यम हैं। इन परिसरों में विद्यमान सुविधाएं पूर्णतः वातानुकूलित हैं। वर्ष 2009–10 के दौरान चेन्नई व्यापार केन्द्र में 93 व्यापार मेले एवं कन्वेन्शन सेन्टर में 90 कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनसे लीज रेन्ट के लिए 900 लाख रू. के प्रावधान करने के बाद 43 लाख रू. का अधिशेष प्राप्त हुआ। वर्ष 2009–10 तक बंगलौर केन्द्र में 9 कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनसे 4.52 करोड़ रू. का अधिशेष प्राप्त हुआ।

समझौता ज्ञापन के अनुसार कार्य–निष्पादन का स्तर

मुझे वास्तव में यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आई टी पी ओ और वाणिज्य विभाग के मध्य सम्पन्न वर्ष 2009–10 के समझौता ज्ञापन के अनुसार कार्य–निष्पादन के परीक्षित परिणामों के आधार पर किये गये मूल्यांकन में आई टी पी ओ को **'बहुत अच्छा'** कार्य निष्पादन ग्रेड मिला है।

आई टी पी ओ सदस्यता अथवा समझौता ज्ञापन जैसे सहयोग–परक उपायों के द्वारा व्यापारिक एवं वाणिज्यिक क्षेत्र के अन्तरराष्ट्रीय संगठनों के साथ नेटवर्किंग कर रहा है। आई टी पी ओ एशियन ट्रेड प्रमोशन फोरम (ए टी पी एफ) का सदस्य है तथा इसकी वार्षिक बैठकों में नियमित रूप से भाग लेता है। ए टी पी एफ की 21–25 अप्रैल 2009 के दौरान क्सिमेन (चीन) में आयोजित बैठक में आई टी पी ओ के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक ने भाग लिया था।

मानव संसाधन

वर्ष 2009–10 के दौरान 29 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया और 196 कर्मचारियों को सुनिश्चित आजीविका प्रगति (ए सी पी) योजना के अन्तर्गत वित्तीय उन्नयन दिया गया। आई टी पी ओ

ने आरक्षण सम्बन्धी दिशा–निर्देशों का अनुपालन किया है। अनुसूचित जातियों/जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के हितों की देखभाल के लिए आई टी पी ओ में सम्पर्क अधिकारी नाम – निर्देशित किये गये हैं और प्रत्येक विभागीय पदोन्नति/चयन समिति की बैठकों में इन श्रेणियों से सम्बन्धित उम्मीदवारों के हितों की देखभाल करने के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों से सम्बन्धित उपयुक्त स्तर के अधिकारियों को लिया जाता है। आई टी पी ओ ने विकलांग व्यक्तियों हेतु पदों/सेवाओं में आरक्षण के सम्बन्ध में विकलांग व्यक्ति (समान अवसर, सुरक्षा एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 का अनुपालन किया।

कल्याण योजना के अन्तर्गत उत्पादकता संबद्ध प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत सभी पात्र कर्मचारियों को वर्ष 2008–09 के लिए 31.3.2009 को विद्यमान एक महीने के मूल वेतन + डी ए की राशि के बराबर प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया। मानव संसाधन विकास के लिए कर्मचारियों के लिए संविदा प्रबन्धन, वित्तीय मामले, रिकार्ड का रख–रखाव एवं अग्नि शमन आदि विषयों में इन–हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गए। इनमें कुल मिलाकर 220 कर्मचारियों को उक्त विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण दिया गया।

कार्पोरेट प्रशासन

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन अपनी गतिविधियों के सभी पक्षों में पारदर्शिता, जवाबदेही और बराबरी को सर्वाधिक महत्त्व देता है तथा उसमें विश्वास रखता है। आई टी पी ओ कार्पोरेट प्रशासन के बारे में सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी नवीनतम दिशा–निर्देशों का अनुपालन पूरा करने के प्रयास कर रहा है।

इस वर्ष भी भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक ने पुनः उत्तम लेखा और प्रकटन कार्यों में इस कम्पनी की वचनबद्धता की पुष्टि करते हुए इसे 'शून्य' टिप्पणी दी है।

आभार

मैं आई टी पी ओ के सभी सदस्यों द्वारा दिये गये निरन्तर सहयोग एवं समर्थन तथा प्रबन्धन में व्यक्त किये विश्वास के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। हमें विश्वास है कि उनके इस सहयोग और विश्वास से आई टी पी ओ भविष्य में नयी उपलब्धियां प्राप्त करेगा।

ह./-
(डा. सुवास पाणि)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक
इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 30 नवम्बर, 2010

वार्षिक आम बैठक की सूचना





इण्डिया ट्रेड
प्रमोशन आर्गनाइजेशन

भारतीय प्रदर्शनी, अल्माटी

दिल्ली पुस्तक मेले में उपस्थित पुस्तक प्रेमी

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जा रही है कि इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन की 33वीं वार्षिक आम बैठक निम्नलिखित कार्यवाही पूरी करने के लिए इसके पंजीकृत कार्यालय, प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली–110 001 में मंगलवार, 30 नवम्बर, 2010 को दोपहर–पूर्व 11.30 बजे होगी।

साधारण कार्यवाही

31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षित तुलन–पत्र और कम्पनी के आय तथा व्यय लेखाओं तथा उस पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट तथा निदेशकों की रिपोर्ट एवं भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियों पर विचार करना और उनका अनुमोदन करना।

निदेशक मण्डल के आदेश से
कृते इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

ह./–
(ए. के. खन्ना)
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक : 28 अक्तूबर, 2010

नोट 1 : जिस सदस्य को बैठक में उपस्थित होने और मत देने का अधिकार है वह उपस्थित होने और मत देने के लिए स्वयं न आ कर किसी दूसरे व्यक्ति को भी परोक्षी (प्राक्सी) नियुक्त कर सकता है और इस प्रकार नियुक्त किए जाने वाले व्यक्ति का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। परोक्षी संबंधी दस्तावेज बैठक के लिए निर्धारित समय से कम से कम 48 घण्टे पहले पंजीकृत कार्यालय में जमा करा दिए जाने चाहिए।

वर्ल्ड एक्स्पो, शंघाई में भारतीय मण्डप का दृश्य

निदेशकों की रिपोर्ट

इण्डिया ट्रेड
प्रमोशन आर्गनाइजेशन

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

निदेशकों की रिपोर्ट

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (कम्पनी) का निदेशक मण्डल इस संगठन की 31 मार्च 2010 को समाप्त वित्त वर्ष की 33वीं वार्षिक रिपोर्ट एवं परीक्षित लेखा सहर्ष प्रस्तुत कर रहा है।

1. वित्तीय विशेषताएं

2009–10 के दौरान इस आर्गनाइजेशन को कार्य निष्पादन के फलस्वरूप 77.57 करोड़ रुपये का अधिशेष प्राप्त हुआ जबकि पिछले वर्ष यह 85.64 करोड़ रुपये था। सकल आय पिछले वर्ष के दौरान 220.69 करोड़ रुपये की तुलना में वर्तमान वर्ष के दौरान 238.72 करोड़ रुपये हुई। कुल व्यय वर्ष 2008–09 के 135.05 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष 2009–10 में 161.15 करोड़ रुपये हुआ।

यह कम्पनी, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अन्तर्गत पंजीकृत है, इसीलिए कोई लाभांश घोषित नहीं करती है। अतः 77.57 करोड़ रुपये की व्यय से अधिक आय अपने पास रख ली गयी है और आरक्षित निधि तथा अधिशेष खाते में डाल दी गयी है।

2. निदेशक मण्डल

डा. सुवास पाणि ने 7 अगस्त, 2009 से आई टी पी ओ के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक का कार्यभार संभाला और इस पद पर आगे बने रहेंगे। श्री राजीव यादव ने 17 जनवरी, 2010 को आई.टी.पी.ओ. के कार्यकारी निदेशक का कार्यभार छोड़ दिया। श्री नीरज कुमार गुप्ता ने 16 फरवरी, 2010 को आई.टी.पी.ओ. के कार्यकारी निदेशक का कार्यभार संभाला और वह आई.टी.पी.ओ. बोर्ड में पूर्णकालिक निदेशक हैं। बोर्ड के अन्य निदेशक इस प्रकार हैं :–

भारतीय प्रदर्शनी, सेन्ट पीटर्सबर्ग

क्र. सं.	निदेशक का नाम	से	तक
1	डा. सुतानु बेहुरिया विशेष सचिव तथा वित्तीय सलाहकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली	01.06.2007	जारी
2	श्री पी. के. दास संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय नई दिल्ली	26.10.2005	जारी
3	श्री प्रवीर कुमार संयुक्त सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्योग मंत्रालय नई दिल्ली	21.10.2007	जारी
4	सुश्री रीनत सन्धू संयुक्त सचिव, (आई टी पी) विदेश मंत्रालय नई दिल्ली	01.06.2009	जारी

3. समझौता ज्ञापन (एम ओ यू)

वर्ष 2010–11 के लिये समझौता ज्ञापन पर, जो अपनी कड़ी में 19वां ज्ञापन है, कम्पनी और वाणिज्य तथा उद्योग मन्त्रालय के वाणिज्य विभाग के बीच 12 मार्च, 2010 को हस्ताक्षर किये गये थे। इस समझौता ज्ञापन में अन्तर्निविष्ट प्रमुख कार्यनिष्पादन मूल्यांकन मानदण्ड निम्न प्रकार हैं : प्रगति मैदान में आयोजित होने वाले मेलों के लिए यातायात प्रबन्धन और पार्किंग स्थलों के बारे में अध्ययन, प्रगति मैदान में ईको उत्पादों सम्बन्धी अन्तरराष्ट्रीय मेला, लोक उद्यम विभाग के दिशा–निर्देशों और बोर्ड की स्वीकृति के अनुसार कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर व्यय, प्रिन्ट पैक इण्डिया, 2010 की नियम पुस्तिका और फ्लैश फेयर गाइड तैयार करना, प्रगति मैदान में विस्फोटक का पता लगाने वाले यन्त्रों को लगाना और सी.सी.टी.वी. नेटवर्क के माध्यम से सुरक्षा प्रणाली का उन्नयन करना और निश्चित कार्यवाही बिन्दुओं के साथ कूटनीतिक योजना को तैयार करना और बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करना। विचार गोष्ठियाँ आयोजित करने, क्रेता प्रतिनिधिमण्डलों के दौरों में तालमेल बैठाना और राष्ट्रमण्डल खेलों के लिए अन्तरराष्ट्रीय मीडिया केन्द्र के लिए 30 सितम्बर, 2010 से पहले हाल नं. 7 डी–एच; 8–11, 12–12ए 14 और 18 के वातानुकूल संयन्त्रों की क्षमता में वृद्धि करने का भी प्रस्ताव है।

आई.टी.पी.ओ. की सतत वित्तीय सुदृढ़ स्थिति सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2010–11 के लिए सकल लाभ और कुल बिक्री के लिए क्रमशः 85 करोड़ रुपये और 190 करोड़ रू. के लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं।

4. विदेशों में आयोजित मेले

वर्ष 2009–10 के दौरान आई.टी.पी.ओ. ने 2 एकल भारतीय प्रदर्शनियों (अल्माटी एवं सैन्ट पीटर्सबर्ग), एक आतिथ्य भागीदारी (थेसालोनिकी, यूनान) और दो लघु भारतीय प्रदर्शनियों (ओसाका, जापान) सहित 29 विदेशी व्यापार मेलों में भागीदारी आयोजित की थी। इन 29 मेलों में से 8 मेले यूरोप में आयोजित किये गये। 7 मेले अफ्रीका और मध्य पूर्व के देशों में, 2 मेले लेटिन अमेरिका में, सुदूर पूर्व के देशों सहित दक्षिण एशिया में 6 मेले, संयुक्त राज्य अमेरिका में 3, सार्क क्षेत्र और सी.आई.एस. क्षेत्र में 2 मेले आयोजित किये गये। इन 29 मेलों में से 9 सामान्य मेले, 15 विशेष मेले और 5 एकल भारतीय प्रदर्शनियाँ/आतिथ्य भागीदारी/लघु भारतीय प्रदर्शनियां थीं।

प्रमुख मेलों में ग्रीष्मकालीन फैन्सी फूड शो (न्यूयार्क), सार्क व्यापार मेला (थिम्पू), इण्डिया गारमेन्ट शो और इण्डिया होम फर्निशिंग शो (ओसाका), थेस्सालोनिकी अन्तरराष्ट्रीय मेला (यूनान), अनूगा फूड फेयर (कोलोन), आपेक्स (लास वेगास), ए.एफ.एल. आर्टीजियानो इन्टरनेशनल हेण्डीक्राफ्ट्स फेयर (मिलान), कैरो इन्टरनेशनल फेयर (मिस्र), एशिया पैसिफिक लैदर फेयर (हांगकांग), प्रेक्टीकल वर्ल्ड (कोलोन) और अल्माटी (कज़ाकिस्तान) तथा सेन्ट पीटर्सबर्ग (रूस) में दो एकल भारतीय प्रदर्शनियाँ शामिल हैं। इस वर्ष आई.टी.पी.ओ. ने चार वस्तु विशेष बी–2–बी मेलों – नेशनल हार्डवेयर शो, लास वेगास, आपेक्स शो, लास वेगास, इन्टरनेशनल हार्डवेयर शो, कोलोन और फूडेक्स, टोक्यो शामिल हैं।

5. विपणन विकास सहायता प्रकोष्ठ

वाणिज्य विभाग (वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय) ने ऐसे निर्यातकों को, जो अन्य निर्यात संवर्धन परिषदों आदि के भी सदस्य हैं और आई टी पी ओ द्वारा आयोजित की जाने वाली उन विभिन्न प्रदर्शनियों/मेलों में भाग ले रहे हैं, जो बाजार विपणन सहायता योजना के अन्तर्गत प्रदर्शनी सलाहकार समिति द्वारा स्वीकृत हैं, विपणन विकास सहायता अनुदान के भुगतान के लिए 1 दिसम्बर 2007 से कम्पनी को अनुदान प्रदाता संगठन के रूप में मान्यता प्रदान की है।

तदनुसार विदेशी मेला प्रभाग के एक अंग के रूप में एम.डी.ए. स्कीम को क्रियान्वित करने के लिए आई.टी.पी.ओ. में एम.डी.ए. प्रकोष्ठ का सृजन किया गया है। वर्ष 2007–08 और 2008–09 के लिए कुल 15 मेलों को स्वीकृति प्रदान की गई और वाणिज्य विभाग की ओर से आई टी पी ओ ने निर्यातकों को 56.04 लाख रु. वितरित किये।

वर्ष 2009–10 के लिए, एम.डी.ए. सहायता के लिए प्रदर्शनी सलाहकार समिति द्वारा कुल 5 मेलों को स्वीकृति प्रदान की गई। तदनुसार इन मेलों के पात्र निर्यातक भागीदारों से दावे प्राप्त हुए हैं। वाणिज्य विभाग से फण्ड प्राप्त होने के बाद अनुदान जारी करने के लिए इन दावों की जाँच की जा रही है।

वर्ष 2010–11 के लिए एम.डी.ए. योजना के अन्तर्गत कुल 6 मेलों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

6. भारत में मेले

भारत में आई टी पी ओ द्वारा आयोजित मेलों में लघु उद्योगों और बड़े

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

उद्योगों, व्यापार और उद्योग–जगत के निर्माताओं व निर्यातकों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किये। वर्ष 2009–10 के दौरान कुल मिलाकर 16 मेले आयोजित किये गये जिनमें से 11 मेले दिल्ली में और 5 मेले क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित किये गये थे। उक्त वर्ष के दौरान प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित मेलों में विशाल आई आई टी एफ, अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेला, दिल्ली पुस्तक मेला, स्टेशनरी मेला, अन्तरराष्ट्रीय आरोग्य मेला, इनर्जीटेक एवं इन्वायरोटेक, नक्षत्र, सुरक्षा प्रदर्शनी, टेक्स स्टाइल्स इण्डिया और आहार अन्तरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ मेला शामिल थे। क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित मेलों में मैरीटाइम एक्स्पो, मुम्बई, पूर्वी हिमालय प्रदर्शनी, सिलीगुड़ी, आहार, चेन्नई तथा कोलकाता व चेन्नई में दो विशेषीकृत चमड़ा मेले वर्ष 2009–10 के दौरान आयोजित किये गये थे। तीसरी पूर्वी हिमालयन एक्स्पो 9–15 जून 2009 के दौरान पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के माटीगारा स्थित परिवहन नगर में आयोजित की गयी थी। यह एक्स्पो सामान्य रूप में व्यापार के नये अवसर तलाशने हेतु एकल मंच प्रदान करने के लिए विशेष रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र में अन्तर्निहित व्यापक निर्यात क्षमता को प्रदर्शित करने हेतु आई टी पी ओ का एक अद्वितीय सघन एवं फोकस प्रयास है। मेले का उद्घाटन पश्चिम बंगाल के नगर निगम कार्य एवं शहर विकास प्रभारी मंत्री श्री अशोक भट्टाचार्य ने किया था। मेला वाणिज्य एवं उद्योग मंडल संघ, उत्तर बंगाल (फोसिन) के सहयोग से आयोजित किया गया था। मेले में थाइलैण्ड साझेदार देश था। इस मेले में कुल मिलाकर 130 इकाइयों/संगठनों ने भाग लिया था।

15वां दिल्ली पुस्तक मेला और 11वां स्टेशनरी मेला भारतीय प्रकाशक संघ के सहयोग से 29 अगस्त–6 सितम्बर 2009 तक आयोजित किये गये थे। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्पोरेट और अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमन्त्री श्री सलमान खुर्शीद ने किया। चीन, जापान, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका की 5 विदेशी कम्पनियों सहित 274 कम्पनियों ने इस मेले में भाग लिया। दिल्ली पुस्तक मेले की थीम "पूर्वोत्तर का साहित्य" थी और मेले के दौरान 30 सेमिनार भी आयोजित किये गये।

आहार – अन्तरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ मेला 2000 वर्गमीटर क्षेत्र में 27–29 अगस्त 2009 के दौरान चेन्नई में आयोजित किया गया था जिसमें 84 कम्पनियों ने भाग लिया। मेले का उद्घाटन खाद्य पदार्थ मन्त्री श्री ई. वी. वेलू ने किया। अन्तरराष्ट्रीय स्टाल "स्पेन का जैतून बोर्ड" मेले का प्रमुख आकर्षण था जहां जैतून के गुणों का जीवन्त प्रदर्शन किया गया था। इससे मेले को और अधिक प्रचार मिला। प्रमुख होटल श्रृंखला के मालिकों और दक्षिण भारत के छोटे शहरों के दर्शकों ने भी यह मेला देखा।

प्रगति मैदान में 18–21 सितम्बर, 2009 के दौरान अन्तरराष्ट्रीय आरोग्य मेला आयोजित किया गया। इसका प्रमुख आकर्षण योग और मिश्रित संगीत कार्यक्रम था। मेले में मुख्यतः आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी, यूनानी, सिद्ध, जड़ी–बूटियां, औषधीय पौधें, स्वास्थ्य पर्यटन, स्वास्थ्य फिटनेस सिस्टम, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा बीमा के आदि के बारे में प्रदर्शनी लगायी गयी थी।

14–27 नवम्बर 2009 के दौरान प्रगति मैदान में 29वां भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला लगाया गया। इस मेले का उद्घाटन भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने किया था। मेले की थीम 'सेवाओं का निर्यात' थी तथा साझेदार देश थाइलैण्ड व फोकस देश चीन थे। साझेदार राज्य दिल्ली व फोकस राज्य उत्तराखण्ड थे।

वर्ल्ड एक्स्पो, शंघाई में ओडिशी नृत्य की प्रस्तुति

वार्षिक रिपोर्ट 2009-2010

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

आई आई टी एफ 2009 के दौरान की गयी नयी पहल 'हरित एवं पर्यावरणानुकूल मेला' तथा प्रगति मैदान को 'धूम्रपान प्रतिबन्धित क्षेत्र' घोषित करना थी। मेले में अलग से फूड प्लाजा भी बनाये गये थे जिसमें अलग–अलग राज्यों के क्षेत्रीय व्यंजन सुलभ थे। यहां पर 'दिल्ली का खाना' प्रमुख आकर्षण केन्द्र था। मेले को व्यापार केन्द्रित पुट देने हेतु इसके पहले पांच दिन 14–18 नवम्बर 2009 केवल व्यापारी दर्शकों के लिए आरक्षित रखे गये थे।

इस मेले की एक प्रमुख विशेषता इसरो के सहयोग से आई टी पी ओ द्वारा 'भारत की अन्तरिक्ष यात्रा' नाम से लगायी गयी प्रदर्शनी थी जिसमें अन्तरिक्ष युग में भारत के प्रवेश की उपलब्धियां चित्रित की गयी थीं। कुल मिला कर 5,846 व्यापार प्रतिनिधिमण्डल यह मेला देखने आये जिनमें से 929 प्रतिनिधिमण्डल विदेशी थे।

आई टी पी ओ ने फ्यूचर प्वाइन्ट, नई दिल्ली के सहयोग से 1 से 7 फरवरी 2010 तक प्रगति मैदान के हाल नं. 15 में कुल 837 वर्ग मीटर क्षेत्र पर 5वें नक्षत्र मेले का आयोजन किया जिसमें 94 कम्पनियों ने भाग लिया। इसमें मुख्यतः ज्योतिष शास्त्रीय कंम्प्यूटर साफ्टवेयर एवं अन्य उपकरण, वैदिक विज्ञान, आध्यात्मिक एवं ज्योतिष शास्त्रीय नैदानिक वस्तुओं सम्बन्धी पुस्तक–पुस्तिकाएं, पत्रिकाएं, रत्न, वास्तु एवं फेंगसुई आदि को प्रदर्शित किया गया था। इस मेले के दौरान 5 सेमिनारों का भी आयोजन किया गया।

10 से 14 मार्च 2010 के दौरान आई टी पी ओ ने प्रगति मैदान, नई दिल्ली के हाल 1–6, 11 एवं खुले क्षेत्र में बनाये गये हैंगर (वातानुकूलित) में 'फूड इण्डिया' और 'हास्पिटलिटी इण्डिया' नामक दो खण्डों में अन्तरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ मेला – आहार की 25वीं कड़ी का आयोजन किया। यह मेला पहले की तरह खाद्य पदार्थ प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय तथा अन्य सहयोगी संगठनों के सहयोग से आयोजित किया गया। मेले की इस रजत जयन्ती कड़ी का उद्घाटन खाद्य पदार्थ प्रसंस्करण उद्योग मन्त्री श्री सुबोध कान्त सहाय ने किया। 25,000 वर्ग मीटर से भी अधिक क्षेत्रफल पर फैली इस प्रदर्शनी में कुल 460 कम्पनियों ने भाग लिया था जिनमें 13 देशों की 25 विदेशी कम्पनियां भी शामिल थी। इस मेले की मुख्य विशेषताएं ये थीं – (क) इण्डियन क्युलिनरी फोरम द्वारा आयोजित व्यावसायिक पाक विद्या प्रवीणता प्रतियोगिता (ख) अखिल भारतीय खाद्य पदार्थ प्रसंस्करण संघ द्वारा 'खाद्य पदार्थ प्रसंस्करण उद्योगों का त्वरित एवं समेकित विकास' विषय पर सेमिनार (ग) 'ट्रेसेबिलिटी इन फूड' विषय पर अपेडा द्वारा आयोजित थीम। व्यापारी दर्शकों की संख्या 11,263 थी जिनमें 271 विदेशी थे। मेले के अन्तिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें स्टालों एवं उत्पादों के उत्तम प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिये गये।

आई टी पी ओ ने पहली बार एम वी आई आर डी सी वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर तथा अखिल भारतीय उद्योग संघ के सहयोग से मुम्बई में 10 से 12 अप्रैल 2009 तक भारतीय अन्तरराष्ट्रीय मेरीटाइम और लाजिस्टिक्स प्रदर्शनी का आयोजन किया। इसमें पत्तन, टर्मिनल, शिपिंग लाइनें, जलपोत निर्माण, जलपोत मरम्मत, अन्तर्देशीय जल परिवहन सिस्टम, अपतटीय खुदाई, कार्गो हैण्डलिंग, कण्टेनर फ्रेट स्टेशन, लाजिस्टिक्स आदि को प्रदर्शित किया गया था। तीन दिन के इस बी–2–बी मेले में 25,000 से भी अधिक व्यापारी दर्शक पधारे। मेले के दौरान मै. भण्डारकर शिपिंग इवेण्ट्स ने 8 सेमिनारों का आयोजन किया। मेले का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ–साथ पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ जिसमें प्रमुख उद्योगपतियों को **'समुद्र मन्थन पुरस्कार'** दिये गये। मेले का उद्घाटन नौवहन एवं परिवहन मन्त्रालय में सचिव श्री ए. पी.वी. एन. शर्मा ने किया तथा राष्ट्रीय नौवहन बोर्ड के अध्यक्ष श्री पी. वी.के. मोहन गेस्ट ऑफ आनर थे। नौवहन उद्योग के प्रमुख उद्योगपति तथा अधिकारीगण इस मेले में पधारे। मेला कुल 2,500 वर्ग मीटर क्षेत्र पर फैला था जिसमें प्रमुख 42 कम्पनियों ने भाग लिया।

देश के अन्दर आयोजित व्यापार मेलों के माध्यम से भारत की झांकी प्रस्तुत करने हेतु आई टी पी ओ ने 24 से 27 फरवरी 2010 तक नई दिल्ली में पूर्णतः भारतीय वस्त्र उद्योग/उत्पादों पर केन्द्रित टेक्स स्टाइल्स इण्डिया मेले की 16वीं कड़ी का आयोजन किया जिसमें कुल मिलाकर 11,000 वर्गमीटर क्षेत्र पर 165 कम्पनियों ने विविध घरेलू साज सज्जा एवं फेब्रिक्स का प्रदर्शन किया। 86 देशों के 730 विदेशी क्रेता इस मेले में पधारे। भारत से कपड़ा उत्पादों की सोर्सिंग करने के लिए सं. रा. अमेरिका, जापान, यू के, फ्रांस, जर्मनी, इटली, आस्ट्रेलिया, अफ्रीका, मध्यपूर्वी देशों, एशियाई देशों तथा लैटिन अमेरिकी देशों के क्रेताओं ने यह मेला देखा। विश्वव्यापी आर्थिक मन्दी के बावजूद भी इस मेले से लगभग 156 करोड़ रु. का व्यापार हुआ।

विश्व तापन एवं पर्यावरण के प्रभावों और ऊर्जा की मांग को ध्यान में रखते हुए आई टी पी ओ ने 11 से 14 दिसम्बर, 2009 तक इन्वायरोटेक 2009 और इनर्जीटेक 2009 नामक प्रदर्शनी युग्म की दूसरी कड़ी का आयोजन किया। इन प्रदर्शनियों में टी ई आर आई, इनर्जी इफिसिएंसी ब्यूरो, एम एन आर ई, बी एम टी पी सी, सी ई एल आदि सहित 50 संगठनों ने भाग लिया। मेले में जापान साझेदार देश था तथा इस भागीदारी का आयोजन जेट्रो ने किया था। जापान मण्डप में वहां की नेडो, ओकाय, हितैची, जोसन, कवासाकी आदि कम्पनियों ने भाग लिया था। चार दिवसीय इस मेले में लगभग 2000 दर्शक आये जिनमें से लगभग 1600 व्यापारी थे। 46 विदेशी दर्शक भी इस मेले को देखने आये।

7. चमड़ा मेला एकक

आई टी पी ओ ने वर्ष 2009–10 के दौरान तीन चमड़ा मेले – दिल्ली अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेला (डी आई एल एफ), भारतीय अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेला (आई आई एल एफ) चेन्नई और अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा सामान मेला (आई.एल.जी.एफ.), कोलकाता आयोजित किए और दो विदेशी मेलों – ऑल चाइना लैदर एक्जीविशन (ए सी एल ई), शंघाई और एशिया पेसेफिक लैदर फेयर (ए पी एल एफ) हांगकांग में भागीदारी की। इन मेलों ने भारत से चमड़ा एवं चमड़ा उत्पादों के निर्यात के लिए महत्त्वपूर्ण मंच प्रदान किया।

17वें दिल्ली अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेला, 23–25 अक्टूबर 2009 में 102

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

प्रदर्शकों ने भाग लिया जिनमें चार देशों चीन, इटली, ताइवान और थाइलैण्ड के सात विदेशी प्रदर्शक शामिल थे। मेले में परिष्कृत चमड़ा वस्तुओं पर बल दिया गया था। मेले ने विशेष रूप से दिल्ली स्थित उद्योग और पड़ोसी राज्यों के उद्योगों को अपने उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक आदर्श मंच उपलब्ध किया। आईटीपीओ और केन्द्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान द्वारा 'इमेजिनेशन' नाम से एक थीम पेवेलियन स्थापित किया गया था जिसमें अगले सत्र के लिए भावी प्रवृत्तियों, रंगों और शैलियों को दर्शाया गया था। इसके अलावा उद्योगों के लिए रूचिकर विषयों पर विचार गोष्ठियाँ आयोजित की गयीं तथा नवीनतम उत्पादों को प्रस्तुत करते हुए फैशन शो आयोजित किए गये। डीआईएलएफ 2009 ने भारी संख्या में दर्शकों को आकर्षित किया। 1750 से अधिक व्यापारी दर्शकों और क्रेताओं ने मेले का अवलोकन किया।

25वां भारतीय अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेला 31 जनवरी से 3 फरवरी 2010 तक चेन्नई में आयोजित किया गया था। चमड़ा उद्योग से संबंधित सभी उत्पाद और सेवाएं मेले में प्रदर्शित की गई थीं। यह मेला 8393.5 वर्ग मीटर से अधिक निवल क्षेत्र में फैला हुआ था। मेले में 25 देशों के 173 विदेशी प्रदर्शकों सहित 435 कम्पनियों ने भाग लिया था। विदेशी भागीदारी भी काफी संख्या में प्राप्त हुई जिसमें चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्पेन और थाइलैण्ड से ग्रुप भागीदारी की गई और बांग्लादेश, मिस्र, एस्टोनिया, इरान, केन्या, मलेशिया, नेपाल, न्यूजीलैण्ड, पोलैण्ड, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, ताइवान, नीदरलैण्ड, टर्की, संयुक्त अरब अमीरात, यू.के. और यू.एस.ए. से कम्पनी स्तर की भागीदारी की गई। वैश्विक आर्थिक मन्दी को ध्यान में रखते हुए आई.आई.एल.एफ. ने अपनी अग्रणी स्थिति बनाई रखी और चमड़ा तथा चमड़े से संबंधित सामान के मामले में क्रेताओं और विक्रेताओं दोनों को एक महत्त्वपूर्ण मंच प्रदान किया। "भारतीय चमड़ा उद्योग का विकास – भविष्य की ओर बढ़ते कदम" नाम से थीम पेविलियन सी एल आर आई, सी एल ई और आईटीपीओ द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित किया गया था। मेले के दौरान सामयिक विषयों के महत्त्व पर अनेक विचार गोष्ठियां भी आयोजित की गई। भागीदारों के अनुसार मेले के दौरान 479 मिलियन रुपये मूल्य का व्यापार हुआ।

आईटीपीओ द्वारा 19 से 21 फरवरी 2010 के दौरान कोलकाता में 15वां अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा सामान मेला आयोजित किया गया था जिससे पश्चिम बंगाल और पड़ोसी राज्यों में स्थित चमड़ा सामान निर्माताओं के लिए एक मंच उपलब्ध हो सके। मेला 1025 वर्गमीटर के निवल क्षेत्र में फैला हुआ था और इसमें 69 भागीदारों ने भाग लिया। चमड़ा सामान, चमड़ा निर्माण करने वाली मशीनों और परिष्करण करने वाले रसायनों सहित सभी प्रकार के उत्पादों की श्रृंखला मेले में दर्शायी गयी थी। 3,000 दर्शकों ने इस मेले का अवलोकन किया जिनमें 36 विदेशी दर्शक थे।

इनके अलावा, आईटीपीओ ने 2 से 4 सितम्बर, 2009 के दौरान शंघाई में आयोजित ऑल चाइना लैदर एक्जीविशन (ए.सी.एल.ई.) और 29 मार्च से 31 मार्च 2010 तक हांगकांग में आयोजित एशिया फैसिफिक लेदर फेयर (ए पी एल एफ) में चमड़ा और चमड़ा उत्पादों के भारतीय निर्यातकों की भागीदारी भी आयोजित की।

8. क्रेता–विक्रेता बैठकें/एकल भारतीय प्रदर्शनियाँ

वर्ष के दौरान दो एकल भारतीय वस्तु मेले – "बीसवां इण्डिया होम फर्निशिंग मेला" और "तीसवां इण्डिया गारमेन्ट मेला" जापान में आयोजित किये गये थे। होम फर्निशिंग और वस्त्रों के मेले पिछले अनेक वर्षों से प्रति वर्ष आयोजित किये जा रहे हैं और अपनी अच्छी साख स्थापित कर चुके हैं तथा इन उत्पादों से आय प्राप्त करने के बड़े साधन बन चुके हैं। वर्ष 2009 में फर्निशिंग और वस्त्रों के लिए साथ–साथ मेलों का

भारतीय प्रदर्शनी, सेन्ट पीटर्सबर्ग में भारतीय मण्डप का दृश्य

आयोजन करने से क्रेताओं और विक्रेताओं के लिए भी एक ही स्थान पर व्यापार करने के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हुए। इन दोनों मेलों से कुल मिलाकर 17.74 मिलियन अमरीकी डालर का व्यापार हुआ और प्रमुख डिपार्टमेन्टल स्टोरों, थोक विक्रेताओं, आयातकों, व्यापार गृहों आदि के 1783 खरीददारों ने इनका अवलोकन किया।

एक्स्पो 2010, शंघाई

एक्स्पो शृंखला के अन्तिम मेले के रूप में, अगला एक्स्पो 1 मई से 31 अक्तूबर, 2010 के दौरान शंघाई में आयोजित किया जाना है। इस विशाल मेले में भारत मंडप स्थापित करने के लिए आई.टी.पी.ओ. नोडल एजेन्सी है। एक्स्पो की समग्र थीम "बेहतर नगर – बेहतर जीवन" के अनुरूप, भारत मण्डप की थीम "सौहार्दपूर्ण नगर" है। जोन 'ए' में स्थित और 4,000 वर्गमीटर क्षेत्र में फैला हुआ भारत मण्डप भारत सरकार के बजटीय समर्थन से भारतीय संस्कृति, विरासत, विविधता, पिछले अनेक वर्षों के दौरान हुई परम्परागत और आधुनिक वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिक विकास सम्बन्धी गतिविधियों को प्रदर्शित करेगा।

भारत की "विविधता में एकता" केन्द्रीय गुम्बद के माध्यम से प्रदर्शित की जायेगी, जो साँची के स्तूप से प्रेरित है और प्राचीन मोहनजोदड़ो और हड़प्पा (2000 वर्ष से 3000 वर्ष ई.पू.) के समय से लेकर मध्य युग होते हुए आधुनिक भारत के समय तक भारतीय नगरों की विकास यात्रा को प्रदर्शित करता है। कम ऊर्जा और सामग्री की रिसाइकिलिंग को उपयोग में लाकर कला सामग्री को उपयोग करके मण्डप की डिजाइन बनाने और उसका निर्माण करने के लिए समुचित ध्यान दिया जा रहा है। मण्डप में ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण के अनुरूप विचार धारा को सौर पैनलों, पवन चक्की, जड़ी बूटियों, बांस आदि का उपयोग करके प्रदर्शित किया जा रहा है।

शॉपिंग आर्केड में विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। फूड प्लाजा में स्थित भारतीय रेस्टोरेन्ट में भारत–भर के परम्परागत स्वादिष्ट व्यंजनों की शृंखला उपलब्ध होगी। मण्डप में एक वास्तविक भारतीय वातावरण सृजित करने के लिए देश के विभिन्न भागों से आए सांस्कृतिक समूह एक्स्पो की छः महीने की अवधि तक अपने–अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इन सांस्कृतिक समूहों को भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद के सहयोग से अन्तिम रूप दिया जायेगा। हमारा राष्ट्रीय दिवस समारोह 18 अगस्त, 2010 को आयोजित किया जायेगा। एक्स्पो की अवधि के दौरान फिक्की/सी आई आई/एसोचैम के सहयोग से वहाँ कुछ व्यापारिक प्रतिनिधिमण्डल भेजने और विचार गोष्ठियाँ आयोजित करने की भी योजना है। विचार धारा और डिजाइन के अनुसार भारत मण्डप के निर्माण का कार्य पूरे जोर–शोर से चल रहा है और भारतीय मण्डप को अप्रैल, 2010 के अन्त तक खोले जाने की योजना है।

9. अन्य मेले

प्रगति मैदान में विशेषीकृत एवं सामान्य व्यापार मेले/प्रदर्शनियां आयोजित करने के लिए प्रदर्शनी हाल एवं सम्मेलन सुविधाएं व्यापार एवं उद्योग–जगत के लिए उपलब्ध की जाती रहीं। उद्योग संघों, केन्द्रीय मन्त्रालयों, निर्यात संवर्धन संगठनों और निजी मेला आयोजकों द्वारा वर्ष 2009–10 के दौरान 85 मेले आयोजित किये गये। इन मेलों में ऑटो एक्स्पो, नई दिल्ली, विश्व पुस्तक मेला, डिफेक्स्पो आदि जैसे विशाल मेले शामिल हैं। वर्ष 2010–11 के दौरान प्रगति मैदान में 55 मेले/प्रदर्शनियां आयोजित करने की योजना है।

व्यापार प्रतिनिधिमंडल

आई.टी.पी.ओ ने व्यापार संवर्धन के लिए जापान, हांगकांग, मलेशिया, चीन और थाइलैण्ड के 20 प्रतिनिधिमंडलों की यात्राओं की मेजबानी की तथा उनकी यात्राओं के दौरान प्रमुख भारतीय कम्पनियों के साथ विविध उत्पादों और सेवाओं के बारे में उनकी व्यापारिक बैठकें आयोजित की।

आई.टी.पी.ओ. उन निर्यातोन्मुख इकाइयों के डाटाबेस रखता है जो उसके नियमित सदस्य के रूप में पंजीकृत हैं और उन्हें सेवाओं का पैकेज उपलब्ध कराता है। उन्हें विदेश कार्यालयों से प्राप्त सीधी व्यापार संबंधी पूछताछ, बाजार संबंधी सूचना, उत्पाद विकास, आयातकों संबंधित जानकारी, यहाँ आने वाले प्रतिनिधिमंडलों की बैठकें आयोजित करना, विकास कार्यक्रमों में भागीदारी आदि जैसी सेवाओं का पैकेज उपलब्ध कराता है और क्रेताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पाद विकास और अडाप्टेशन करने में उनकी सहायता करता है। इस वर्ष आईटीपीओ के विदेश कार्यालयों/विदेश स्थित भारतीय मिशनों से प्राप्त 102 व्यापारिक पूछताछों का भारतीय कम्पनियों में प्रसार किया गया ताकि वे अपने विदेशी प्रतिपक्षियों के साथ व्यापार अवसरों की संभावनाओं का पता लगा सकें।

निर्यात सम्भावनापरक विचार गोष्ठियाँ

आई.आई.टी.एफ. 2009 के दौरान साझेदार राज्य/फोकस राज्य/राज्य सरकारों/संगठनों के सहयोग से दस विचार गोष्ठियाँ आयोजित की गईं। आई.आई.टी.एफ., 2009 की थीम को ध्यान में रखते हुए आई.टी.पी.ओ. ने सेवा निर्यात संवर्धन परिषद् के सहयोग से 'सेवाओं के निर्यात' के बारे में एक विचार गोष्ठी आयोजित की थी। आई.आई.टी.एफ, 2009 के दौरान ही आई.टी.पी.ओ. ने आर.आई.एस. (विकासशील देशों के लिए अनुसन्धान एवं सूचना प्रणाली) के सहयोग से "भारत आसियान मुक्त व्यापार समझौता : व्यापार अवसर" पर एक अन्य विचार गोष्ठी भी आयोजित की थी। इसके अलावा, इन्वायरो टैक/इनर्जीटैक, 2009 के दौरान ऊर्जा खपत/दक्षता एवं पर्यावरण प्रबन्धन विषयों पर तीन विचार गोष्ठियाँ आयोजित की गई थीं।

अन्य व्यापार संवर्धन संगठनों के साथ सहयोग

आई.टी.पी.ओ. सदस्यता अथवा समझौता ज्ञापन जैसे सहयोगात्मक करारों के माध्यम से व्यापार एवं वाणिज्य के क्षेत्र में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ नेटवर्किंग कर रहा है। आई.टी.पी.ओ. एशिया व्यापार संवर्धन फोरम का संस्थापक सदस्य है और इसकी वार्षिक बैठकों में नियमित रूप से भाग लेता है। ए.टी.पी.एफ. की 21–25 अप्रैल, 2009 के दौरान झियामेन (चीन) में हुई बैठक में आईटीपीओ के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने भाग लिया था।

भारतीय औद्योगिक डिजाइन का विश्व स्तर पर संवर्धन करने के लिए आई.टी.पी.ओ. और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एन. आई. डी.) के बीच एक समझौता ज्ञापन के अन्तर्गत प्रगति मैदान में एक शो–केस डिज़ाइन

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

केन्द्र स्थापित किया गया है। इस समय भारत के कुछ श्रेष्ठ नवीनतम डिजाइनों को प्रदर्शित किया गया है, जिन्हें निरंतर अद्यतन बनाया जाता है। यहां एक पारस्परिक विचार–विमर्श स्थल भी है जहां विभिन्न उद्योगों में डिज़ाइनों के प्रयोगों के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया है।

10. व्यापार सूचना सम्बन्धी कार्यकलाप

आई.टी.पी.ओ. के प्रगति मैदान, नई दिल्ली स्थित व्यापार सूचना केन्द्र (हाल नं. 19) में एक पुस्तकालय और इलेक्ट्रोनिक पुस्तकालय है जिसमें व्यापार संवर्धन हेतु, जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक आते हैं। पुस्तकालय को नवीनतम सूचना से अद्यतन बनाये रखने के लिए आई.टी.पी.ओ. व्यापार से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर व्यापार और उद्योग की रूचि वाले प्रकाशन और पत्रिकायें बहुत बड़ी संख्या में मंगाता है। वर्ष 2009–10 के दौरान 2400 पत्रिकाओं, निर्देशिकाओं सहित 171 प्रकाशन और 51 सी डी रोम इस केन्द्र में जोड़े गये।

आई.टी.पी.ओ. व्यापार एवं उद्योग–जगत के लिये नियमित रूप से "इण्डियन एक्सपोर्ट बुलेटिन" (आई.ई.बी.) नामक साप्ताहिक प्रकाशन भी प्रकाशित कर रहा है जिसमें विदेशों की बाजार सम्बन्धी जानकारी, व्यापारिक अवसर, बाजार सर्वेक्षण रिपोर्ट, व्यापार मेले और प्रदर्शनी, राष्ट्रीय तथा विदेशी टेण्डर सूचनायें और आई.टी.पी.ओ. के क्रियाकलाप शामिल होते हैं। वर्ष 2009–10 के दौरान इण्डियन एक्सपोर्ट बुलेटिन (आई.ई.बी.) के 52 अंक प्रकाशित किये गये और व्यापार एवं उद्योग जगत को तत्काल मुहैया कराने के लिए आई.टी.पी.ओ. की वेबसाइट (www.tradeportalofindia.org) पर उपलब्ध कराये गये हैं।

इस केन्द्र की कोम्पास डाटा बेस से 82 देशों के बारे में आन लाइन पहुँच है। कोम्पास में देश द्वारा खोजे जा सकने वाली 18 लाख कम्पनियों और निर्माताओं/आयातकों/ निर्यातकों/एजेंटों द्वारा वर्गीकृत उत्पाद का डाटा बेस उपलब्ध है।

आई.टी.पी.ओ. एक ट्रेड पोर्टल–(www.tradeportalofindia.com) का संचालन कर रहा है जिसमें देश का विवरण, उत्पाद विवरण, व्यापारिक आंकड़े, बाजार प्रवृत्तियां, व्यापार निर्देशिका (जिसमें आयातकों, निर्यातकों, थोक विक्रेताओं आदि के पते दिए गए हैं) सहित व्यापार संबंधी सभी सूचनाएं दी गई हैं। इस ट्रेड पोर्टल का उद्देश्य देश और विदेशों के व्यापारी समुदाय को विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराना है। ट्रेड पोर्टल के अंतर्गत 12 जी. बी. जानकारी है, जिसके अंतर्गत 54 देशों और 28 उत्पाद समूहों को शामिल किया गया है जिनसे भारत का 85 प्रतिशत व्यापार होता है। उपर्युक्त के अलावा, पोर्टल में 52000 से भी अधिक विदेशी आयातकों, 15000 भारतीय निर्माताओं/निर्यातकों/ आपूर्तिकर्ताओं और आई.टी.पी.ओ. के 1100 सदस्यों का भी डाटाबेस शामिल है। ट्रेड पोर्टल को विभिन्न व्यापार संगठनों के साथ भी सम्बद्ध किया गया है। उद्योग एवं व्यापार–जगत इस पोर्टल का काफी मात्रा में उपयोग करते हैं।

www.tradeportalofindia.com के अलावा, आई.टी.पी.ओ. भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यूरोपीय संघ और भारत टी.आई.डी. कार्यक्रम की सहायता से विकसित एक अन्य पोर्टल www.tradeportalofindia.org भी संचालित कर रहा है। पोर्टल में यूरोपीय संघ क्षेत्र के विशेष सन्दर्भ में अर्थव्यवस्था और व्यापार से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर व्यापक जानकारी उपलब्ध है। इस समय इस पोर्टल में यूरोपीय संघ के 27 देशों सहित 100 से अधिक देशों के बारे में जानकारी उपलब्ध है।

वर्ल्ड एक्स्पो, शंघाई का एक दृश्य

परामर्शी परियोजनाएं

राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद् (एन.पी.सी.) नई दिल्ली ने आई.टी.पी.ओ. के सहयोग से नई दिल्ली के प्रगति मैदान में ईको प्रोडक्ट्स इंटरनेशनल फेयर (ई.पी.आई.एफ.) आयोजित करने हेतु एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी.पी.आर.) तैयार करने के लिए आई.टी.पी.ओ. को एक परामर्शी परियोजना सौंपी थी। प्रारूप रिपोर्ट तैयार की गई और एन.पी.सी. को भेजी गई। डी.पी.आर. के बारे में प्रस्तुतीकरण किया गया। अन्तिम रिपोर्ट में एन.पी.सी. द्वारा दिये गये सुझावों को शामिल करके वह एन. पी.सी. को प्रस्तुत की गई। व्यापक परियोजना रिपोर्ट में एशिया में पर्यावरण अनुकूल मेले का आकलन, ई.पी.आई.एफ. आयोजित करने के लिए पूर्वाभ्यास, ई.पी.आई.एफ. की महत्त्वपूर्ण गतिविधियों की निगरानी, अनुमानित बजट, राजस्व प्राप्ति और आई.टी.पी.ओ. तथा एन.पी.सी. के बीच समझौता ज्ञापन के ब्यौरे शामिल हैं।

11. सांस्कृतिक कार्यक्रम

प्रगति मैदान में आठ खुले थियेटर एवं एक वातानुकूलित थियेटर है। आई आई टी एफ के दौरान इन खुले एवं ढके थियेटरों में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

प्रगति मैदान स्थित वातानुकूलित थियेटर – शाकुन्तलम् में पूरे वर्ष भर प्रतिदिन दोपहर 12 बजे, दोपहर बाद 3 बजे और शाम 6 बजे तीन शो में हिन्दी फीचर फिल्में दिखाई गईं। इनमें से अनेक फिल्में भारत में इनके प्रीमियर रिलीज के रूप में दिखाई गई। उपग्रह के माध्यम से फिल्मों की स्क्रीनिंग के लिए मार्च 2008 से शाकुन्तलम् थियेटर में एक डिजिटल सिनेमा सिस्टम (यू.एफ.ओ.) स्थापित किया गया है।

प्रसिद्ध कलाकारों/कलाकार–समूहों द्वारा आई.आई.टी.एफ. 2009 (14 से 27 नवम्बर) के दौरान प्रगति मैदान स्थित विभिन्न थियेटरों में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में शामिल थे – शाकुन्तलम् में शास्त्रीय नृत्य, गायन एवं वाद्य संगीत, फलकनुमा थियेटर में कव्वाली, गीत और गज़लें; ग्राम झांकी के एम्फी थियेटर में विभिन्न राज्यों के लोकगीत एवं लोक नृत्य; शृंगार थियेटर में संगीत एवं नाटक प्रभाग द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फूड कोर्ट में कठपुतली शो; ऐतिहासिक चौक में नुक्कड़ नाटक। इवेन्ट आयोजकों द्वारा हंसध्वनि थियेटर में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शो आयोजित किए गए। लाल चौक थियेटर में राज्य सरकारों द्वारा प्रतिदिन दो–दो (4 बजे और शाम 6 बजे) राज्य दिवस भी मनाए गए।

पहली बार प्रगति आँगन (खुले मैदान में एक नया सांस्कृतिक मंच) नामक एक नया खुला थियेटर स्थापित किया गया जिसमें 19 नवम्बर से 27 नवम्बर, 2009 तक देश के विभिन्न भागों के लोकगीत एवं नृत्य, गीत और गज़ल, बैले और शहनाई आदि के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

12. वाणिज्यिक प्रचार एवं जनसम्पर्क

आई.टी.पी.ओ. ने वर्ष 2009–10 के दौरान भारत एवं विदेशों में विभिन्न आयोजनों एवं अन्य कार्यकलापों को बढ़ावा देने तथा उनमें भागीदारी हेतु प्रचार करने के लिए प्रिन्ट, इलेक्ट्रोनिक मीडिया, आउटडोर एवं इण्टरनेट मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार अभियान चलाया। यह प्रचार अभियान प्रिन्ट मीडिया में विज्ञापनों और सप्लीमेन्टों तथा इलेक्ट्रोनिक मीडिया, आउटडोर मीडिया आदि में विज्ञापनों के अलावा ब्रोशरों, इन्वीटेशन मेल, पोस्टरों, मेला कैटलोगों के रूप में चलाया गया। आई टी पी ओ ने अपने मेलों एवं कार्यकलापों से सम्बन्धित सर्वोत्तम कवरेज एवं फुटेज सुनिश्चित करने के लिए मीडिया, प्रिन्ट एवं दृश्य–श्रव्य माध्यमों के साथ कारगर तरीके से सम्पर्क बनाए रखा। आई टी पी ओ के कार्यकलापों और इस संगठन की कार्पोरेट छवि निखारने हेतु व्यापार संवर्धन में इसकी भूमिका के बारे में देश–विदेश के चुनिंदा मीडिया में इसके कार्पोरेट विज्ञापन प्रकाशित किए गए।

आई टी पी ओ के विविध कार्यकलाप एवं प्रदर्शनी इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रदर्शनी कैलेण्डर में उद्दिष्ट किए गए हैं जो भारत एवं विदेशों में आई टी पी ओ के क्रमशः वर्ष 2008–11 और वर्ष 2008–10 के प्रदर्शनी कार्यक्रम में भी सूचीबद्ध हैं। यह कैलेण्डर भारत एवं विदेशों में व्यापार एवं उद्योग संघों, भारत में विदेशी मिशनों तथा विदेशों में भारतीय मिशनों तथा विभिन्न राज्यों के शीर्ष उद्योग संगठनों के संबंधित पाठकगणों को भेजा गया। 2009–12 के दौरान आई टी पी ओ द्वारा भारत में आयोजित किये जाने वाले मेलों/प्रदर्शनियों का एकल केलेण्डर भी विभिन्न लक्षित समूहों में वितरणार्थ प्रकाशित किया गया।

आई टी पी ओ के क्रियाकलापों सम्बन्धी जानकारी का भारत और विदेशों में व्यापार और उद्योग–जगत, केन्द्रीय मन्त्रालयों और विभागों, राज्य सरकारों, निर्यात संवर्धन परिषदों आदि के बीच प्रसार करने के लिए प्रभाग ने एक त्रैमासिक न्यूजलैटर 'लाग आन' (हिन्दी में 'दर्पण') का भी प्रकाशन किया। आई टी पी ओ और उसकी गतिविधियों सम्बन्धी जानकारी के प्रचार–प्रसार के लिए प्रचार विभाग ने 'आई टी पी ओ : लेवरेजिंग इण्डियन बिजनेस ग्लोबली' (आई टी पी ओ : भारतीय व्यापार के भूमण्डलीकरण में अग्रणी) नामक कारपोरेट पुस्तिका भी प्रकाशित की।

13. कम्प्यूटरीकरण

सूचना के आदान–प्रदान एवं दैनिक आधार पर तैयार डाटा के केन्द्रीकृत भण्डारण हेतु आई टी पी ओ में सभी विभागों को एक व्यापक नेटवर्क से जोड़ा गया है।

एक कार्पोरेट वेबसाइट www.indiatradefair.com आई टी पी ओ के विभिन्न विभागों की गतिविधियों के बारे में कार्पोरेट जानकारी उपलब्ध कराती है। इसमें अत्यधिक सम्पर्क के साथ थर्ड पार्टी मेलों और देश व विदेशों में आयोजित किये जाने वाले मेलों के बारे में जानकारी शामिल होती है। सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार ग्राहकों और आम जनता के लाभ हेतु कार्पोरेट वेबसाइट पर सूचना के अधिकार सम्बन्धी अधिनियम से सम्बन्धित सूचनाएं और टेण्डर नोटिसों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है।

ई–गवर्नेन्स परियोजना का प्रथम चरण पूरा हो चुका है। दूसरा चरण अगले वित्तीय वर्ष (2010–11) में पूरा होगा।

एक कम्प्यूटरीकृत फाइल ट्रेकिंग सिस्टम आई टी पी ओ में लागू किया जा चुका है, जो बहुत ही सफल रहा है।

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

आई टी पी ओ ने अपने महत्त्वपूर्ण मेलों के लिए एक वर्चुअल ट्रेड फेयर (वी.टी.एफ.) बनाया है। इसका मुख्य उद्देश्य है ऑन लाइन व्यापार मेला वास्तविक व्यापार मेले का पूरक बन सके, क्योंकि यह मेले के बारे में जागरूकता फैलाता है, प्रदर्शकों और क्रेताओं/प्रतिनिधियों के लिए नेटवर्किंग अवसरों में वृद्धि करता है, मेले से पहले और मेले के बाद उनके सन्दर्भ हेतु क्रेताओं को व्यापक जानकारी उपलब्ध कराता है और इसीलिए मेले को दर्शकों के लिए अपेक्षाकृत अधिक प्रासंगिक बनाता है।

वेबसाइटें : कारपोरेट वेबसाइट के अलावा, आई.टी.पी.ओ. भारत और विदेशों में आयोजित किये जाने वाले अपने मेलों और प्रदर्शनियों के बारे में वेबसाइटें भी संचालित करता है जिनमें उस मेले के बारे में सामान्य सूचना, आवेदन पत्र, ग्राहकों से फीड बैक प्राप्त करने का फार्म और विभिन्न मेलों के लिए दर्शकों का ऑन लाइन पंजीकरण होता है।

टच स्क्रीन क्योस्क : व्यापारी दर्शकों और सामान्य दर्शकों, दोनों ही के फायदे के लिए आई टी पी ओ अपने प्रमुख मेलों के दौरान प्रगति मैदान में विभिन्न स्थानों पर टच स्क्रीन क्योस्क स्थापित करता है, जिसमें सम्बन्धित मेले की जानकारी के अलावा प्रदर्शित उत्पादों, विभिन्न स्टालों की स्थिति और उस मेले में दर्शकों को उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी होती है।

दर्शक पंजीकरण/व्यापार केन्द्र : आई.टी.पी.ओ. अपने मेलों में विभिन्न उद्योगों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यापारी दर्शकों के बारे में डाटा बेस बनाने की दृष्टि से, भारत में अपने द्वारा आयोजित किये जाने वाले सभी मेलों के दौरान व्यापारी दर्शकों का मौके पर ही पंजीकरण करने की व्यवस्था करता है। व्यापारी दर्शकों के लाभ के लिए भी आई टी पी ओ सभी प्रमुख मेलों में व्यापार केन्द्रों/साइबर कैफे की व्यवस्था करता है जिनमें इन्टरनेट कनेक्शन, ई–मेल, फोटो कापियर, कम्प्यूटरों इत्यादि की सुविधाएं होती हैं।

14. प्रशासन और मानव संसाधन विकास

वर्ष 2009–10 के दौरान 29 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया और 196 कर्मचारियों को सुनिश्चित आजीविका प्रगति (एसीपी) योजना के अन्तर्गत वित्तीय उन्नयन किया गया।

आई टी पी ओ द्वारा आरक्षण संबंधी दिशा–निर्देशों का अनुपालन किया गया। अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के हितों की रक्षा के लिए सम्पर्क अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। प्रत्येक विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति की बैठक में इन वर्गों के उम्मीदवारों के हितों पर ध्यान देने के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उचित स्तर के अधिकारी को सहयोजित किया जाता है। अशक्त (समान अवसर अधिकारों की रक्षा और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 के अनुसार अशक्त व्यक्तियों को पदों/सेवाओं के आरक्षण देने सम्बन्धी प्रावधानों का भी पालन किया गया।

कल्याण कार्य की दृष्टि से, सभी पात्र कर्मचारियों को वर्ष 2008–09 के लिए कार्य–निष्पादन संबद्ध वेतन (पी.आर.पी.) – 31 मार्च, 2009 को एक महीने का मूल वेतन + महँगाई भत्ते की राशि के बराबर विशेष ब्याज मुक्त अग्रिम का भुगतान किया गया था।

मानव संसाधन विकास हेतु कर्मचारियों के लिए ठेका प्रबन्धन, वित्तीय मामलों, रिकार्ड प्रबन्धन और अग्निशमन आदि विषयों पर आन्तरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। कुल मिलाकर 220 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

15. स्थापत्य सेवाएं

अन्य एजेन्सियों/आयोजकों द्वारा आयोजित मेलों के नक्शों के लिए स्थापत्य सेवाएं प्रदान की गई। अपने आयोजनों को बेहतर और सुरक्षित बनाने हेतु विभिन्न मेला आयोजकों और भागीदारों का मार्गदर्शन करने के लिए स्थापत्य तथा इंजीनियरी कन्ट्रोल तैयार किए गये।

आई टी पी ओ ने विभिन्न राज्य सरकारों और केन्द्रीय मंत्रालयों को भी स्थापत्य संबंधी परामर्श सेवाएं प्रदान की हैं जो मंडपों का डिजाइन बनाने, विभिन्न क्षेत्रीय प्रदर्शनी केन्द्रों हेतु स्थल का चयन करने, मांग के अनुसार संकल्पनात्मक डिजाइन तथा डिजाइन–ड्राइंग तैयार करने से संबंधित थीं।

प्रगति मैदान, नई दिल्ली स्थित प्रदर्शनी केन्द्र

भारत की राजधानी – नई दिल्ली के मध्य में 120 एकड़ क्षेत्रफल में फैले प्रगति मैदान के 16 हालों में लगभग 61,290 वर्ग मीटर आच्छादित प्रदर्शनी क्षेत्र सुलभ है और इसके अलावा 10,000 वर्ग मीटर खुला प्रदर्शनी क्षेत्र भी है। 24,000 वर्ग मीटर आच्छादित क्षेत्र में वातानुकूलित हाल नं. 7, 8, 9, 10, 11, 12 और 12 ए हैं जिनमें हाल सं. 7 और 8 में क्रमशः लाउन्ज (200 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाले सम्मेलन हाल) की सुविधायें भी शामिल हैं और 37,290 वर्ग मीटर क्षेत्र में गैर–वातानुकूलित हाल हैं जिनमें हाल सं. 1, 2, 3, 4, 5, 6, 14, 15, 16 और 18 आते हैं।

निम्नलिखित ढांचागत विकास कार्य करने के प्रस्ताव हैं :–

(i) हाल सं. 18 के 12185 वर्ग मीटर क्षेत्र में वातानुकूलन व्यवस्था करना।

(ii) हाल सं. 14 के 5650 वर्ग मीटर क्षेत्र में वातानुकूलन व्यवस्था करना।

(iii) गेट सं. 10 और उसके आस–पास के क्षेत्र का पुनर्विकास करना जिससे मेट्रो रेल से प्रगति मैदान आने वाले दर्शकों को सुविधा हो।

(iv) विभिन्न हालों में बिजली की खपत का आकलन करने के लिए इनर्जी मीटर लगाना।

(v) गेट नं. 7 के निकट विद्युत सब–स्टेशन सं. 5 की क्षमता में वृद्धि करना।

(vi) पथ प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) के लिए बिजली की कम खपत करने वाली फिटिंग लगाना।

(vii) गेट नं. 1, 2, 3, 4, 5, 7 और 8 को नया रूप देना।

16. क्षेत्रीय व्यापार संवर्धन केन्द्र (आर.टी.पी.सी.एस)

I. चेन्नई व्यापार केन्द्र

चेन्नई में एक महत्त्वपूर्ण स्थल – नन्दमबक्कम में 25.48 एकड़

क्षेत्रफल में स्थित इस केन्द्र में क्रमशः 4600 वर्ग मीटर, 4410 वर्ग मीटर और 1760 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के तीन वातानुकूलित हाल और एक कन्वेन्शन सेन्टर है।

II. बंगलौर व्यापार केन्द्र

व्हाइटफील्ड, बंगलौर में प्रमुख स्थान पर स्थित यह व्यापार केन्द्र 50 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है और इसमें 5371 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का एक वातानुकूलित हाल है और 11 खुले क्षेत्र वाले स्थल हैं जिनमें प्रत्येक में 38 वर्गमीटर जगह है।

17. राजभाषा का प्रगामी प्रयोग

आई टी पी ओ ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति का सही ढंग से कार्यान्वयन जारी रखा। भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा विभिन्न मामलों में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के प्रयास किए गए।

सरकारी कार्य में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए अगस्त 2009 के दौरान हिन्दी टिप्पण एवं मसौदा लेखन, हिन्दी अनुवाद, हिन्दी निबन्ध लेखन, हिन्दी कविता पाठ और हिन्दी टंकण प्रतियोगितायें आयोजित की गई। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को नकद पुरस्कार प्रदान किये गये। इसके अलावा प्रत्येक भागीदार को प्रोत्साहन स्वरूप प्रसिद्ध लेखक उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचन्द के चार हिन्दी उपन्यासों का एक–एक सैट दिया गया।

नियमित हिन्दी मासिक **उद्योग व्यापार पत्रिका** के अलावा आई आई टी एफ 2009 की व्यापारी सन्दर्शिका (फेयर गाइड), बैक ग्राउण्डर (संक्षिप्त जानकारी), प्रगति मैदान में आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रदर्शनियों के मोबिलाइजेशन फोल्डर, वार्षिक रिपोर्ट 2008–09, मेलों का तीन वर्ष का केलैण्डर – 2009–10, 2010–11 और 2011–12, आई टी पी ओ और वाणिज्य विभाग के बीच समझौता ज्ञापन भी हिन्दी में प्रकाशित किये गये। आन्तरिक पत्रिका 'दर्पण' ('लॉग आन' का हिन्दी' संस्करण) प्रकाशित किया जाता रहा।

आई टी पी ओ का दिन प्रतिदिन का फाइल कार्य हिन्दी में करने को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन योजना पहले से ही लागू है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान शत–प्रतिशत कार्य हिन्दी में करने के लिए छः कर्मचारियों को प्रत्येक को 5000 रू. की नकद राशि दी गई, अन्य तीन कर्मचारियों में से प्रत्येक कर्मचारी को 1000 रु. और एक कर्मचारी को 800 रु0 की नकद राशि दी गई। दिल्ली नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) द्वारा आयोजित हिन्दी प्रतियोगिताओं में आई टी पी ओ के कर्मचारी भाग लेते हैं जिनमें से इस वर्ष एक कर्मचारी को हिन्दी क्विज़ प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार मिला।

राजभाषा विभाग के एक प्रतिनिधि ने 25.5.2009 को आई टी पी ओ मुख्यालय का निरीक्षण किया और आई टी पी ओ में राजभाषा नीति के क्रियान्वयन की समीक्षा की। संसदीय राजभाषा समिति को दिये गये आश्वासन पूरे करने हेतु अपेक्षित अनुवर्ती कार्यवाही की जा रही है।

18. सतर्कता

2009–10 की अवधि के दौरान सतर्कता विभाग ने 24 शिकायतें/मामले दर्ज कीं जिनका विधिवत् रिकार्ड रखा गया और जांच की गयी। 2009–10 के दौरान एक मामले में बड़ी पेनल्टी और तीन मामलों में मामूली पेनल्टी लगाई गई। आई टी पी ओ के मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और बंगलौर स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों में निवारक जांच भी की गयी।

सतर्कता विभाग ने 2009–10 के दौरान आई टी पी ओ द्वारा आयोजित विभिन्न प्रदर्शनियों में निवारक जांच की।

आई टी पी ओ में नवम्बर 2009 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया।

सी वी ओ/डीओसी/डीओपीटी द्वारा जारी विभिन्न दिशा–निर्देश/अनुदेश समय–समय पर संबंधित सभी व्यक्तियों के अनुपालन हेतु परिचालित किये गये।

19. अनुषंगी कंपनियां

आई टी पी ओ की अपनी दो सहायक कम्पनियों – तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन और कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन में 51–51 प्रतिशत इक्विटी है। कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 212 के अन्तर्गत इन सहायक कम्पनियों का अपेक्षित विवरण अनुबंध – 1 में दिया गया है तथा वह इस रिपोर्ट का भाग है।

20. लेखापरीक्षक

भारत सरकार के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने मैसर्स किशोर ऐण्ड किशोर, चार्टरित लेखाकार, नई दिल्ली को वित्त वर्ष 2010–11 के लिए आई टी पी ओ का सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया है।

21. सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में बोर्ड की टिप्पणियों के बारे में कुछ शर्तें/टिप्पणियां दी गई हैं। लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में उठाये गये बिन्दुओं में से प्रत्येक बिन्दुओं के बारे में बोर्ड के उत्तर संलग्न अनुबन्ध–II में दिये गये हैं जो इस रिपोर्ट का अंग है।

31 मार्च, 2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आपकी कम्पनी के वार्षिक लेखे के बारे में नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां अनुबन्ध–III में दी गई हैं जो इस रिपोर्ट का भाग है।

22. कर्मचारियों का विवरण

कम्पनी के जिन कर्मचारियों ने कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2 क) के साथ पठित कम्पनी (कर्मचारी विवरण) नियमावली 1975 के अन्तर्गत निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त किया है, उनका विवरण अनुबंध–IV में दिया गया है तथा जो रिपोर्ट का अंग है।

23. कार्पोरेट गवर्नेंस

आई टी पी ओ ने कार्पोरेट गवर्नेंस के बारे में सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा मई 2010 में जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन शुरू कर दिया है। आई टी पी ओ के निदेशक मण्डल का पुनर्गठन कर दिया गया है। बाद में ऑडिट कमेटी का भी पुनर्गठन किया जायेगा तथा एक मानदेय कमेटी का गठन किया जायेगा। कार्पोरेट गवर्नेंस के बारे में इस रिपोर्ट की अंगभूत अनुसूची–V में दी गयी है। अनुपालन के बारे में तिमाही प्रगति रिपोर्ट वाणिज्य विभाग/सार्वजनिक उद्यम विभाग को नियमित रूप से भेजी जा रही है।

24. सचिवीय अनुपालन प्रमाणपत्र

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 383–क के उपबंधों के अनुसार मैसर्स निसार ऐंड ऐसोसिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज, नई दिल्ली के श्री निसार अहमद द्वारा जारी किया गया अनुपालन प्रमाण–पत्र इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है। अनुलग्नक–VI में दी गयी रिपोर्ट स्वतः स्पष्ट है तथा इस सम्बन्ध में आगे और कोई स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है।

25. ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अपनाना, विदेशी मुद्रार्जन एवं निर्गम

ऊर्जा संरक्षण और प्रौद्योगिकी अपनाना आई टी पी ओ पर लागू नहीं होता है। कम्पनी (निदेशक मण्डल की रिपोर्ट में ब्यौरों का प्रकटन) नियमावली 1988 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (1) (ङ) के उपबंधों के अनुसार विदेशी मुद्रार्जन एवं निर्गमन संबंधी जानकारी नीचे दी गई है तथा इस रिपोर्ट का हिस्सा है –

	मद	2008-09	2009-10
1.	अर्जित विदेशी मुद्रा	11,78,63,696 रु.	12,85,66,924 रु.
2.	उपयोग की गयी विदेशी मुद्रा	20,87,26,565 रु.	23,41,87,883 रु.

26. निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण

निदेशक कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2क क) में यथा अनुबंधित "निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण" का समर्थन करते हैं तथा निम्नलिखित मामलों की पुष्टि करते हैं :–

i) वार्षिक लेखे तैयार करने में वास्तविक प्रत्यन्तरों से संबंधित उपयुक्त स्पष्टीकरण सहित लागू गणना मानकों को अपनाया गया है।

ii) निदेशकों ने गणना की ऐसी नीतियां चुनी है और उन्हें सुसंगत ढंग से लागू किया है तथा ऐसे आकलन किये हैं जो तर्कसंगत और विवेकपूर्ण हैं और इस कम्पनी के बारे में वित्त वर्ष और उसी अवधि में कम्पनी के व्यय से अधिक आय का सही तथा उचित दृश्य पेश करते हैं।

iii) निदेशकों ने कम्पनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने तथा गबन एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं उनका पता लगाने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त गणना रिकार्ड रखने की सही एवं पर्याप्त सावधानी बरती है।

iv) निदेशकों ने प्रचलित आधार पर वार्षिक लेखे तैयार किए हैं।

आभार

हम निरंतर मार्गदर्शन और सहायता के लिए केन्द्र सरकार के मंत्रालयों तथा विभागों, विशेषतः वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, विदेश मंत्रालय तथा विदेश स्थित भारतीय दूतावासों के आभारी हैं। निदेशक मण्डल राज्य सरकारों, सार्वजनिक उद्यमों, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली पुलिस, महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड और अन्य एजेंसियों तथा व्यक्तियों के प्रति भी आई टी पी ओ के लिए दिये गये उनके तत्पर सहयोग के लिए उनका आभार प्रकट करते हैं। निदेशक मण्डल भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक, लोक उद्यम विभाग और कारपोरेट मामलों के मंत्रालय के प्रति आभारी हैं जिनका बहुमूल्य सहयोग हमें प्राप्त हुआ।

कृते एवं निदेशक मण्डल की ओर से

ह./-
(डा. सुवास पाणि)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन नं. 0230509

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 22 अक्तूबर 2010

अनुबंध-I

अनुषंगी कम्पनियों के बारे में कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 212 के अनुसार ब्यौरा

अनुषंगी कम्पनी का नाम	तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन	कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन
1. अनुषंगी कम्पनी का वित्त वर्ष	31 मार्च, 2010 को समाप्त	31 मार्च, 2010 को समाप्त
2. (क) अनुषंगी कम्पनी की जारी, अभिदत्त और चुकता पूंजी	1000 रुपये की दर से 100 इक्विटी शेयर	1000 रुपये की दर से 5000 इक्विटी शेयर
(ख) अनुषंगी कम्पनी की पूंजी में आई टी पी ओ का हिस्सा	1000 रुपये की दर से 51 इक्विटी शेयर (51 प्रतिशत)	1000 रुपये की दर से 2550 इक्विटी शेयर (51 प्रतिशत)
3. अनुषंगी कम्पनी के लाभ/घाटे की निवल कुल राशि जहां तक यह आई टी पी ओ के सदस्यों से सम्बन्धित है तथा आई टी पी ओ के खाते में नहीं दिखाई गयी है –		
(क) 31 मार्च 2010 को समाप्त वित्त वर्ष में	22.17 लाख रु.	(-) 27.72 लाख रु.
(ख) अनुषंगी कम्पनी के 31.3.2009 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में संचयी राशि, जब से यह आई टी पी ओ की अनुषंगी बनी	2,422.51 लाख रु. धारा 25 में पंजीकृत कम्पनी होने के कारण इसके लिए कोई भी लाभांश घोषित करना मना है।	258.07 लाख रु. धारा 25 में पंजीकृत कम्पनी होने के कारण इसके लिए कोई भी लाभांश घोषित करना मना है।
4. अनुषंगी कम्पनी के लाभ/घाटे की निवल कुल राशि जहां तक इस घाटे के लिए आई टी पी ओ के खातों में प्रावधान किये गये हों –		
(क) 31 मार्च, 2010 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में	शून्य	शून्य
(ख) अनुषंगी कम्पनी के 31.3.2009 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में संचयी, जब से वह आई टी पी ओ की अनुषंगी बनी	शून्य	शून्य

ह./-
(ए. के. खन्ना)
वरिष्ठ महाप्रबन्धक,
वित्तीय सलाहकार
तथा कम्पनी सचिव

ह./-
(नीरज कुमार गुप्ता)
कार्यकारी निदेशक

ह./-
(डा. सुवास पाणि)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 22 अक्तूबर 2010

अनुबंध-II

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के सदस्यों को लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

हमने 31 मार्च 2010 को विद्यमान स्थिति के अनुसार इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (आई टी पी ओ) के संलग्न तुलन–पत्र और उसी दिन समाप्त हुए वर्ष के आय–व्यय लेखे तथा कैश–फ्लो विवरण की जांच कर ली है जिनमें मुख्यालय, 5 (पांच) विदेशी सम्पर्क कार्यालयों और 4 (चार) क्षेत्रीय कार्यालयों के लेखे शामिल किये गये हैं तथा इस रिपोर्ट के संदर्भ में हमने हस्ताक्षर किये हैं। इन वित्तीय विवरणों की जिम्मेदारी कम्पनी प्रबन्धन की है। हमारी जिम्मेदारी, हमारे द्वारा की गयी लेखा–परीक्षा पर आधारित इन वित्तीय विवरणों पर राय जाहिर करने की है।

हमने यह लेखा–परीक्षा सामान्य तौर से भारत में स्वीकृत लेखा–परीक्षा मानकों के अनुसार की है। इन मानकों में यह अपेक्षा की जाती है कि हम लेखा–परीक्षा की योजना एवं उस पर कार्यान्वयन इस प्रकार करें कि वित्तीय व्यौरे मेटीरियल मिसस्टेटमैन्ट से मुक्त हों, इस बारे में उपयुक्त आश्वासन मिल सके। लेखा–परीक्षा की प्रक्रिया में परीक्षा आधार पर राशियों की पुष्टि करने वाले साक्ष्यों का परीक्षण तथा वित्तीय विवरणों में उनका डिस्क्लोजर किया जाता है। लेखा–परीक्षा प्रक्रिया में, प्रबन्धन द्वारा तैयार किये गये महत्त्वपूर्ण लेखा प्राक्कलन तथा उसमें प्रयुक्त लेखा गणना नीतियों का आकलन भी शामिल होता है। साथ ही, इसमें सम्पूर्ण वित्तीय विवरण का भी मूल्यांकन किया जाता है। हमारी राय में हमारे द्वारा की गयी लेखा–परीक्षा हमारे उपर्युक्त विचारों के लिए उपयुक्त आधार प्रदान करती है और तदनुसार हमारी रिपोर्ट इस प्रकार है :–

निदेशक–मण्डल के उत्तर

1. कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 227 (4क) के अनुसार कम्पनी विधि बोर्ड द्वारा जारी कम्पनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश 2003 के द्वारा अपेक्षित जिन मामलों पर हमारी टिप्पणियां मांगी गई हैं, वे नहीं दी गई हैं, क्योंकि कम्पनी (लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश 2003 में यह निश्चित प्रावधान है कि जिन कम्पनियों को कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के तहत कार्य करने का लाइसेंस प्राप्त है, उन पर यह लागू नहीं होना चाहिए।
2. कम्पनी के तुलन–पत्र, आय–व्यय लेखे और कैश–फ्लो विवरण लेखा बहियों और रिटर्नों से मेल खाते हैं।
3. हमारी राय में कम्पनी का आय–व्यय लेखा, तुलन–पत्र एवं कैश–फ्लो विवरण कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 211 (3ग) में उल्लिखित अनिवार्य लेखा मानकों (ए एस) के साथ मेल खाते हैं।
4. चूंकि यह सरकारी कम्पनी है, अतः विधि, न्याय एवं कम्पनी मामले मंत्रालय के कम्पनी मामले प्रभाग द्वारा दिनांक 22.03.2002 को जारी परिपत्र संख्या 2/5/2001 – सी एल बी – सामान्य परिपत्र संख्या 8/2002 के अनुसार कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 274 (1) (छ) के अन्तर्गत निदेशकों की अनर्हता संबंधी प्रावधान इस कम्पनी पर लागू नहीं होते।

यथार्थ विवरण; कोई टिप्पणी नहीं।

5. *हम ऊपर पैराग्राफ 1 से 4 में उल्लिखित अपनी टिप्पणियों के अतिरिक्त रिपोर्ट करते हैं कि :–*	
5.1 *आय और व्यय की कुछ मदों को गणना के एक्रुअल आधार पर हिसाब में नहीं लिया गया है, जैसा कि अनुसूची 20 की गणना नीति सं. 1 (ख) में उल्लेख किया गया है।*	यथार्थ विवरण। लेखे की अंगभूत अनुसूची 20 की टिप्पणी सं. 1 (ख) देखें।
5.2 *कर्जदारों पर किये गये दावों/उन्हें भेजे गये बिलों, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न पार्टियों को दी गई अग्रिम राशि/जमा राशि, विदेश स्थित विभिन्न दूतावासों, विदेशी बैंकों में अधिशेष के बारे में संबंधित पक्षों से अभी पुष्टि होनी बाकी है।*	लेखे की अंगभूत अनुसूची 21 की टिप्पणी संख्या 9 देखें।
5.3 अनुसूची 21 में दर्शाये गये निम्नलिखित लेखा टिप्पणियों की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है :	
(क) स्थायी परिसम्पत्तियों के प्रत्यक्ष सत्यापन रिपोर्ट के साथ मिलान के बारे में टिप्पणी सं. 4	यथार्थ विवरण। कोई टिप्पणी नहीं।
(ख) कर्मचारियों को कार्यनिष्पादन सम्बद्ध वेतन के बारे में टिप्पणी सं. 5	यथार्थ विवरण। कोई टिप्पणी नहीं।
(ग) विदेशी बैंकों में अधिशेष राशि की पुष्टि के बारे में टिप्पणी सं. 6 (ख)	यथार्थ विवरण। कोई टिप्पणी नहीं।
(घ) दो लाइसेंसधारकों से स्थान किराये के बारे में विवादित देय राशि से संबंधित टिप्पणी सं. 7 (क)	यथार्थ विवरण। कोई टिप्पणी नहीं।
(ङ) विवादित मनोरंजन कर के बारे में टिप्पणी सं. 10	यथार्थ विवरण। कोई टिप्पणी नहीं।
(च) प्रदर्शनी हाल में आग लगने की घटना के बारे में दावा और प्रतिदावा के बारे में टिप्पणी सं. 13	यथार्थ विवरण। कोई टिप्पणी नहीं।
5.4 कम्पनी ने निम्नलिखित सांविधिक अनुपालनों में चूक/विलम्ब किया है जिसके परिणामस्वरूप भविष्य में ब्याज/पेनल्टी/ अतिरिक्त लागत की देयता बढ़ सकती है। ऐसी अतिरिक्त लागत के प्रभावों को लेखाओं में शामिल नहीं किया गया है :–	
i) ***सेवा कर :*** लेखा परीक्षा के अन्तर्गत वर्ष के लिए छमाही सेवा शुल्क विवरणियां अर्थात् 31 मार्च, 2010 को समाप्त छमाही अवधि के लिए सेवा कर विवरणियां दाखिल नहीं की गई हैं।	यह स्पष्ट किया जाता है कि सेवा कर नियत तिथि तक ट्रेजरी लेखा में जमा कर दिया गया था और इसीलिए सरकारी देयताओं को चुकाने के लिए कम्पनी पर कोई भी अर्थदण्ड नहीं लगता है। परन्तु प्रशासनिक कारणों से सेवा कर विवरणी दाखिल करने में विलम्ब हुआ है। प्रक्रिया में सुधार करने के लिए प्रयास किये जायेंगे। मार्च, 2010 को समाप्त हुई छमाही के लिए सेवा कर विवरणी दाखिल करने लिए कार्यवाही की जा रही है।
ii) ***स्टाफ क्वार्टरों हेतु आबंटित भूमि***	
– भूमि के आबंटन से लेकर अब तक ग्राउण्ड किराये का भुगतान नहीं किया गया है।	भूमि किराये (ग्राउन्ड रेन्ट) का भुगतान नहीं किया जाना है, क्योंकि इसके लिए डी.डी.ए ने आज तक माँग नहीं की है।
– स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण 30.06.2001 तक कर लिया जाना चाहिए था। किन्तु निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है।	स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण के लिए समय को आगे बढ़ाने के लिए कम्पनी का अनुरोध डी.डी.ए. में अनिर्णीत पड़ा है। लेखाओं की अंगभूत अनुसूची 21 की टिप्पणी सं. 16 देखिये।
– टाइटल डीड निष्पादित नहीं की गई है।	स्थायी परिसम्पत्तियों से संबंधित अनुसूची सं. 4 की पाद टिप्पणी सं. 1(ख) देखें।

iii) *एशियाई खेल गांव में चार फ्लैट*

- टाइटल डीड निष्पादित नहीं कराई गई।

स्थायी परिसम्पत्तियों से संबंधित अनुसूची सं. IV की पाद टिप्पणी सं. 1(क) देखें।

iv) *प्रगति मैदान परिसर*

- टाइटल डीड निष्पादित नहीं कराई गई।

प्रगति मैदान की टाइटल डीड निष्पादित नहीं की गयी है, क्योंकि भूमि एवं विकास कार्यालय ने अप्पू घर द्वारा प्रगति मैदान के कुछ क्षेत्र का उपयोग करने के लिए संशोधित लाइसेन्स शुल्क और खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री करने वाले व्यक्तियों आदि द्वारा उन्हें आबंटित क्षेत्र के दुरूपयोग प्रभार के लिए कम्पनी से 499.62 करोड़ रु. की मांग की थी। कंपनी ने अपने प्रशासनिक मन्त्रालय के माध्यम से इस मांग का विरोध किया है।

हाल ही में भूमि एवं विकास कार्यालय (एल. ऐंड डी.ओ.) ने दिनांक 1 जुलाई, 2010 के पत्र द्वारा जानकारी दी कि प्रगति मैदान परिसर के पट्टे और अन्य प्रभारों से सम्बन्धित मुद्दों का समाधान करने के लिए गठित सचिवों की समिति की रिपोर्ट स्वीकार करने के बाद मांग संशोधित होकर 22.24 करोड़ रु. रह गई है जिसे कम्पनी ने स्वीकार कर लिया है। तदनुसार, 22.24 करोड़ रू. की धनराशि का जुलाई, 2010 में भुगतान कर दिया गया है। कम्पनी को आशा है कि प्रगति मैदान परिसर का हस्तान्तरण विलेख आई.टी.पी.ओ. के पक्ष में शीघ्र ही निष्पादित कर दिया जायेगा।

इस बारे में अचल परिसम्पत्तियों से सम्बन्धित अनुसूची सं. 4 के पाद टिप्पण सं. 1(ग) को देखें।

v) *ट्रेड फेयर अथारिटी आफ इण्डिया कर्मचारी अशंदायी भविष्य निधि कोष*

- वर्ष 2009–10 के लेखे लम्बित हैं। लेखे में निवेश/घाटे के मूल्य में कमी के लिए प्रावधान करने पर विचार नहीं किया गया है।

लेखाओं को अन्तिम रूप देने के प्रयास किये जा रहे हैं। लेखे की अंगभूत अनुसूची 21 की टिप्पणी सं. 17 भी देखें।

vi) *ट्रेड डेवलपमेन्ट अथारिटी कर्मचारी सी पी एफ ट्रस्ट*

वर्ष 2009–10 के लेखे लम्बित हैं। लेखे में निवेश/घाटे के मूल्य में कमी के प्रावधान करने के बारे में विचार नहीं किया गया है।

लेखाओं को अन्तिम रूप देने के प्रयास किये जा रहे हैं। लेखे की अंगभूत अनुसूची 21 की टिप्पणी सं. 17 भी देखें।

5.5 **(क)** *कर्मचारियों की उपस्थिति एवं उनका उपयोग*

i) कम्पनी के पास कर्मचारियों का विशाल कार्यबल है। कुछ ऐसे कार्य, जो कम्पनी के कर्मचारियों से कराये जाने चाहिए थे, वे सी पी डब्ल्यू डी एवं अन्य एजेंसियों से कराये जा रहे हैं जिससे कम्पनी पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है।

यह स्पष्ट किया गया है कि प्रगति मैदान परिसर में सिविल कार्य, विद्युत कार्य तथा स्वच्छता संबंधी प्रबन्धों आदि के लिए तैनात कर्मचारियों की संख्या उक्त कार्यों के लिए स्वीकृत पदों की संख्या से कम है। प्रगति मैदान परिसर लगभग 140 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है और अन्तरराष्ट्रीय स्तर का प्रदर्शनी परिसर है। अतः व्यावसायिक तरह के कार्य बाहर से कराने आवश्यक हैं। तथापि, जहां तक सम्भव हो, ये कार्य कम्पनी के कर्मचारियों से ही कराने के प्रयास किये जा रहे हैं।

अतः इसीलिए कम्पनी पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं है।

(ख) ***विदेश स्थित कार्यालय*** : हमने विदेश स्थित कार्यालयों का दौरा नहीं किया है। हम आई टी पी ओ द्वारा दिए गए उन स्पष्टीकरणों/वाउचरों/विवरणों पर विश्वास करते हैं जो उन्होंने उन वाउचरों/सहायक दस्तावेजों (सपोर्ट) के बारे में दिए हैं जो विदेशी भाषा में हैं जिन्हें हम नहीं समझ सकते।

विदेश कार्यालयों में किए गए अधिकांश व्यय की पुष्टि करने संबंधी दस्तावेज अंग्रेजी भाषा में हैं जो मुख्यतः वेतन एवं भत्ते तथा कार्यालय/आवासों के किराये आदि पर व्यय सम्बन्धी हैं। इनके अलावा, जो सहायक दस्तावेज स्थानीय भाषा में हैं, ऐसे मामलों में बीजक/बिल के साथ संलग्न भुगतान वाउचर पर व्यय का विवरण अंग्रेजी भाषा में दर्ज किया गया है और उन्हें स्थानिक निदेशकों द्वारा अधिप्रमाणित किया गया है। कम्पनी द्वारा यह प्रक्रिया लगातार अपनाई जा रही है। यही प्रक्रिया विदेश स्थित भारतीय मिशनों में अपनाई जाती है।

5.6 *लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के निम्नलिखित पैराग्राफों की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है :*

पैरा 5.1, 5.2, 5.3 और 5.4 में उल्लिखित मामलों के समाधान के कारण होने वाले किसी भी समायोजन का लेखों पर पड़ने वाले प्रभाव का इस समय निर्धारण नहीं किया जा सकता।

6 ऊपर पैरा 5 में हमारी टिप्पणी के आधार पर हमारी रिपोर्ट इस प्रकार है :–

6.1 हमारे विचार से और हमारी सर्वाधिक जानकारी के आधार पर हमारे द्वारा की गयी इस लेखापरीक्षा के लिए हमने आवश्यक समस्त जानकारी एवं स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं।

6.2 जहां तक बहीखातों की जांच से पता चलता है, हमारे विचार से, कम्पनी ने विधि अनुसार आवश्यक अपेक्षित उचित बहीखाते बनाये हैं तथा उन विदेशी संपर्क कार्यालयों/क्षेत्रीय कार्यालयों (जिनका हमने दौरा नहीं किया) से उचित रिटर्न प्राप्त की गयी हैं जिसे हमने इस लेखापरीक्षा के लिए पर्याप्त समझा है।

6.3 हमारे विचार से और हमारी सर्वाधिक जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार उक्त वित्तीय विवरण और उन पर दी गई टिप्पणी भारत में सामान्यतः लागू गणना सिद्धान्तों के अनुरूप निम्नलिखित मामलों में सही और उचित दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं :–

क) 31 मार्च 2010 को कम्पनी के कार्यकलापों की स्थिति, तुलन–पत्र के विषय में।

ख) आय–व्यय लेखे के विषय में उक्त तिथि को समाप्त वर्ष में कम्पनी के व्यय से अधिक आय के बारे में तथा

ग) उक्त तिथि को समाप्त वर्ष में कैश फ्लो विवरण के बारे में।

कृते तिवारी ऐण्ड ऐसोसिएट्स
चार्टरित लेखाकार

ह./-
(सन्दीप शाण्डिल्य)
साझेदार
सदस्यता संख्या 85747
एफ.आर.एन.-002870 एन

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 31 अगस्त 2010

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

अनुबंध-III

भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियां

31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के लेखाओं पर कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619(4) के अधीन भारत के नियन्त्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियां

कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क के अनुसार 31 मार्च 2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के वित्तीय विवरण तैयार करने की जिम्मेदारी कम्पनी के प्रबन्धन की है। कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619(2) के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी भारत के चार्टरित लेखापालों के संस्थान के व्यावसायिक निकाय द्वारा निर्धारित लेखा परीक्षा एवं आश्वासन–मानकों के अनुरूप स्वतन्त्र लेखा परीक्षा पर आधारित कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 227 के अन्तर्गत इन वित्तीय विवरणों पर मत व्यक्त करना है। ऐसा 31 अगस्त 2010 को उनकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट द्वारा कर लिया बताया गया है।

भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक की ओर से मैंने कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619(3)(ख) के अन्तर्गत 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखापरीक्षा की है। यह अनुपूरक लेखापरीक्षा सांविधिक लेखापरीक्षकों के परिकलन दस्तावेजों के बिना स्वतन्त्र रूप से की गई है और यह सांविधिक लेखा परीक्षकों एवं कम्पनी के कर्मचारियों से प्रारम्भिक पूछताछ और कुछ लेखा रिकार्डों की चुनिंदा जांच तक सीमित है। मेरे द्वारा की गई लेखापरीक्षा के आधार पर ऐसी कोई महत्त्वपूर्ण बात मेरी जानकारी में नहीं आई है जिसकी वजह से कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(4) के अन्तर्गत सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी करने अथवा उस पर अनुपूरक रिपोर्ट देने की आवश्यकता पड़े।

कृते एवं भारत के नियन्त्रक
तथा महालेखापरीक्षक की ओर से

ह./-

(एम.के. बिश्वास)
वाणिज्यिक लेखापरीक्षा के प्रधान निदेशक
एवं लेखापरीक्षक बोर्ड–1 के भूतपूर्व पदेन सदस्य
नई दिल्ली

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 30 सितम्बर 2010

अनुबंध-IV

कम्पनी (कर्मचारियों का विवरण) नियमावली 1975 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2क) के अनुसार 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष संबंधी जानकारी एवं निदेशकों की रिपोर्ट की अंगभूत टिप्पणी

क्रम सं.	नाम	पद	शैक्षिक योग्यता	उम्र (वर्ष)	कार्यारम्भ करने की तारीख	अनुभव (वर्ष)	कुल पारिश्रमिक (रुपये)	पिछले नियोजन में पदनाम	रोजगार की प्रकृति संविदात्मक अथवा अन्य तरह की	कार्य की प्रकृति
1.	श्री पी. सी. शर्मा	स्थानिक निदेशक न्यूयार्क	बी.एस.सी. (आनर्स) एम.ए. (अर्थशास्त्र)	56	22.06.82	27	48,21,270	i)लेक्चरर, कोहिमा कॉलेज, कोहिमा ii)वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक	तीन वर्ष के लिए नियुक्त नियमित कर्मचारी	*मर्केण्डाइजिंग, मार्केटिंग एवं निर्यात संवर्धन सेवाएं *उत्पाद विकास एवं अडाप्टेशन *वाणिज्यिक सूचना एवं मार्केट इंटेलिजेन्स *व्यापारिक एवं तकनीकी पत्रिकाओं के माध्यम से प्रचार *नये बाजारों में नये उत्पादों का प्रचलन शुरू करवाना
2.	श्री बी. आर. सागर	स्थानिक निदेशक, मास्को	एम.एस.सी., एमबीए	55	19.06.82	27	31,93,084	इंस्टीटयूट ऑफ प्रोडक्टिविटी मैनेजमेंट मेरठ में सहायक निदेशक	–वही–	–वही–
3.	श्री दलेल सिंह	स्थानिक निदेशक, टोकियो	बी.एस.सी., एम.ए.	56	11.06.82	27	65,26,369	वाणिज्य मंत्रालय में सहायक	–वही–	–वही–
4.	सुश्री वी. मीरा	स्थानिक निदेशक, फ्रेंकफर्ट	एम.ए. पत्रकारिता में डिप्लोमा	54	04.04.85	25	48,14,952	इण्डियन आयल कारपोरेशन में जन सम्पर्क अधिकारी	–वही–	–वही–
5.	श्री वाई. के. शर्मा	स्थानिक निदेशक साओ पालो	बी.ई. (मैकेनिकल) डीबीएम	57	17.05.88	22	53,84.312	सहायक प्रबन्धक (स्टोर) बजाज टेम्पो लि.	–वही–	–वही–
6.	श्रीमती हेमा मैती	व्यापार सूचना अधिकारी न्यूयार्क	एम.ए. (अर्थशास्त्र)	44	01.06.90	19	शून्य	i)लोक प्रशा. विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय में जूनियर रिसर्च एसोसिएट ii) राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान में अस्थायी जूनियर रिसर्च एसोसिएट	–वही–	–वही–

टिप्पणियाँ :

1. उपर्युक्त सभी कर्मचारी कम्पनी के स्थायी कर्मचारी हैं।
2. उपर्युक्त पारिश्रमिक में वेतन, कम्पनी द्वारा लीज पर दिया गया आवास, अन्य सभी भत्ते और सेवा निवृत्ति लाभ शामिल हैं।
3. उपर्युक्त कर्मचारियों में से किसी भी कर्मचारी के कम्पनी में कोई भी शेयर नहीं है।
4. उपर्युक्त कर्मचारियों में से कोई भी कर्मचारी कम्पनी के किसी भी निदेशक का रिश्तेदार नहीं है।
5. उपर्युक्त सभी कर्मचारी समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान वर्ष भर तैनात रहे।
6. रोजगार की अन्य सभी शर्तें कम्पनी के नियमों के अनुसार हैं।

कृते एवं निदेशक मण्डल की ओर से

ह./-

(डा. सुवास पाणि)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध, निदेशक
डी.आई.एन नं. 02305090

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 22 अक्तूबर 2010

अनुबंध-V

कार्पोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट

निदेशकगण कम्पनी की कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

1. कम्पनी की गवर्नेंस फिलासाफी

भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की प्रमुख व्यापार संवर्धन एजेंसी – इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (आई टी पी ओ) देश द्वारा विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से व्यापार, वाणिज्य एवं गवर्नेंस में अर्जित उत्कृष्टता की झांकी प्रस्तुत करता है।

कार्पोरेट प्रशासन कम्पनी में इसके विभिन्न स्टेकहोल्डरों के हित के बारे में कार्पोरेट औचित्य, पारदर्शिता और जिम्मेवारी को बढ़ावा देने के बारे में है। यह ऐसा सिस्टम है जिससे व्यापारिक निगमों को निर्देश दिये जाते हैं तथा उन पर नियंत्रण रखा जाता है।

आई टी पी ओ को विश्वास है कि सरकार की नीतियों के प्रति प्रोएक्टिव रहते हुए अच्छे गवर्नेंस को प्रबन्धन की न्यासधारिता, सशक्तीकरण और जवाबदेही प्रतिष्ठित करनी चाहिये। आई टी पी ओ की गवर्नेंस प्रक्रिया इसके उद्देश्य – 'उद्योग एवं व्यापार–जगत को व्यापक स्तर पर सुविधाएं प्रदान करना तथा भारत का व्यापार बढ़ाने में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना' पर केन्द्रित है। आई टी पी ओ भारत में अन्तराष्ट्रीय व्यापार मेलों के आयोजन को अनुमोदित करता है और भारत में विभिन्न प्रदर्शनियों के आयोजन को नियंत्रित करता है जिससे मुख्य रूप से एक ही प्रकार की प्रदर्शनियों के दुहराव से बचा जा सके और उचित समय का चयन सुनिश्चित किया जा सके। यह संगठन भारत में विश्व स्तर के एकमात्र प्रदर्शनी परिसर – प्रगति मैदान का प्रबन्ध कर रहा है जिसे उत्कृष्ट स्तर पर तैयार रखने के लिए उसका निरन्तर उन्नयन किया जा रहा है।

आई टी पी ओ के मुख्य कार्यकलाप और सेवाएं :–

- दिल्ली के हृदय स्थल में स्थित प्रगति मैदान में विशाल व्यापार मेला–परिसर का प्रबन्ध करना।
- प्रगति मैदान प्रदर्शनी परिसर में तथा भारत के अन्य विभिन्न केन्द्रों में विभिन्न व्यापार मेलों/प्रदर्शनियों का आयोजन करना।
- भारत एवं विदेशों के अन्य मेला–आयोजकों को व्यापार मेलों/प्रदर्शनियों के आयोजन के लिए प्रगति मैदान में स्थान उपलब्ध कराना।
- विक्रेताओं की पहचान करने, भ्रमणसूची तैयार करने, लोगों से मिलने का कार्यक्रम निर्धारित करने और जरूरत पड़ने पर उनके साथ जाने में विदेशी विक्रेताओं को यथासमय और कुशल सेवाएं उपलब्ध कराना।
- भारतीय आपूर्तिकर्ताओं और विदेशी खरीददारों के बीच में स्थायी दीर्घकालीन संबंध कायम करवाना।
- खरीददारों की अपेक्षाओं के अनुरूप उत्पादों के विकास व अनुकूलन में भारतीय कम्पनियों की सहायता करना।
- क्रेताओं और विक्रेताओं को पास लाने की दृष्टि से क्रेता–विक्रेता बैठकों तथा एकल भारतीय प्रदर्शनियों का आयोजन करना।
- विदेशों में विभागीय भंडारों तथा मेल आर्डर हाउसों के माध्यम से भारतीय उत्पादों का संवर्धन करना।
- विदेशी मेलों/प्रदर्शनियों में भागीदारी करना।
- आगन्तुक विदेशी क्रेताओं हेतु उत्पाद प्रदर्शन का प्रबन्ध करना।
- व्यापार से संबंधित विषयों पर सेमिनारों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं आदि का आयोजन करना।
- निर्यात संवर्धन प्रयासों में लघु एवं मझौली इकाइयों को प्रोत्साहन देना।
- व्यापार व निर्यात संवर्धन से संबंधित इन–हाउस एवं आवश्यकता आधारित अनुसंधान का प्रबन्ध करना।
- भारत का विदेश व्यापार बढ़ाने में राज्य सरकारों की भागीदारी और सहयोग सुनिश्चित करना।
- व्यापार सूचना केन्द्र पर इलेक्ट्रानिक सुगमता के माध्यम से व्यापार सूचना सेवाएं उपलब्ध कराना।

कार्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों का कम्पनी द्वारा अनुपालन तथा उस बारे में अपेक्षाओं का खुलासा इस प्रकार है :–

2. निदेशक मण्डल

2.1 निदेशक मण्डल का आकार

आई टी पी ओ कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अनुसार चैरिटेबल संगठन हैं तथा इस समय इसकी कुल चुकता शेयर पूंजी का 99.98 प्रतिशत भाग भारत के राष्ट्रपति के पास है। इसके अन्तर्नियमों के अनुसार इसके निदेशक नियुक्त करने का अधिकार भारत के राष्ट्रपति के पास है।

कम्पनी के अन्तर्नियमों के अनुसार इसके निदेशकों की संख्या चार से कम तथा बारह से अधिक नहीं होगी।

2.2 निदेशक मण्डल का संघटन

31 मार्च, 2010 की स्थिति के अनुसार निदेशक मण्डल में कुल 6 निदेशक हैं जिनमें से अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक सहित 2 निदेशक प्रकार्यात्मक तथा 4 निदेशक भारत सरकार के नामित निदेशक हैं। वाणिज्य विभाग/लोक उद्यम विभाग द्वारा दो प्रकार्यात्मक निदेशकों तथा छः स्वतन्त्र निदेशकों की नियुक्ति की घोषणा होते ही निदेशक मण्डल का एक बार पुनर्गठन किया जायेगा।

2.3 निदेशक मण्डल की बैठक और उसमें उपस्थिति

निदेशक मण्डल की बैठकें प्रायः कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाती हैं। इन बैठकों का समय सामान्यतः पर्याप्त

समय पहले तय हो जाती है तथा इसकी सूचना, विस्तृत बोर्ड एजेण्डा, मैनेजमेंट रिपोर्ट तथा अन्य स्पष्टीकरण निदेशकों में परिचालित किये जाते हैं। निदेशक मण्डल के सदस्यों को कम्पनी के बारे में सम्पूर्ण जानकारी मिलती है। निदेशक मण्डल द्वारा बैठकों में जिन मुद्दों पर चर्चा की जाती है, उनके बारे में अपेक्षित अतिरिक्त जानकारी देने हेतु इन बैठकों में प्रबन्धन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी आमन्त्रित किया जाता है।

31 मार्च, 2010 को समाप्त वित्त वर्ष में क्रमशः 20 अप्रैल 2009, 26 जून 2009, 21 अगस्त 2009, 14 अक्तूबर 2009 और 10 फरवरी 2010 को पांच बैठकें हुई।

2.4 निदेशक मण्डल को अन्य विषयों के साथ–साथ इन मामलों की जानकारी दी जानी है–

निदेशक मण्डल को कम्पनी के बारे में कोई भी जानकारी दी जाती है। उन्हें ये जानकारियां नियमित रूप से दी जाती हैं :–

1. वार्षिक संचालनशील योजनाएं और बजट तथा कोई भी अद्यतन जानकारी
2. वार्षिक लेखे, निदेशकों की रिपोर्ट आदि
3. आडिट कमेटी तथा निदेशक मण्डल की अन्य कमेटियों की बैठकों के कार्यवृत्त
4. प्रमुख निवेश, अनुषंगी कम्पनियों, संयुक्त उद्यमों और स्ट्रेटेजिक अलायेंसों आदि की जानकारी
5. बड़े ठेके देना
6. निदेशकों का किन्हीं अन्य कम्पनियों में निदेशक बनने तथा कमेटियों में उनकी हैसियत – इनमें उनके हित का खुलासा।
7. चालू विभिन्न परियोजनाओं/स्कीमों तथा उनमें बजट के उपयोग की स्टेटस रिपोर्ट
8. वेतन समझौते पर हस्ताक्षर करना आदि जैसे मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध में विषयक गतिविधियों की कोई भी महत्त्वपूर्ण जानकारी
9. लाभांश का भुगतान नहीं होना, शेयर हस्तान्तरण में विलम्ब आदि जैसी किसी भी नियामक, विधायी एवं शेयरधारकों सम्बन्धी सेवा का अनुपालन नहीं होना।
10. अधिशेष फण्डों का अल्पकालिक निवेश।
11. भौतिक रूप से महत्त्वपूर्ण अन्य जानकारी।

3. निदेशक मण्डल की कमेटी

निदेशक मण्डल ने निम्नलिखित कमेटी गठित की है;

i) आडिट कमेटी

3.1 आडिट कमेटी का संघटन

स्वतन्त्र निदेशकों की नियुक्ति का मामला वाणिज्य विभाग/लोक उद्यम विभाग के पास विचाराधीन है, इसीलिए वर्तमान आडिट कमेटी का संघटन लोक उद्यम विभाग के दिशा–निर्देशानुसार नहीं हुआ है।

3.2 आडिट कमेटी की बैठकें

दिनांक 18.08.2009 और 9.02.2010 को दो बैठकें हुई थीं।

3.3 आडिट कमेटी के अधिकार

आडिट कमेटी को निम्नलिखित अधिकार होते हैं :–

1. किसी भी गतिविधि की उसके विचारणीय विषयानुसार जांच करना।
2. किसी भी कर्मचारी से सूचना मांग लेना।
3. बाहर से (कार्यालय से इतर) विधिक या अन्य व्यावसायिक सलाह लेना।
4. यदि आवश्यक समझा जाये तो बाहर से प्रसंगानुकूल मामले के किसी अनुभवी व्यक्ति से सहायता लेना।
5. जैसा भी निदेशक मण्डल द्वारा उल्लेख किया गया हो, अन्य मामलों पर विचार करना।

3.4 आडिट कमेटी की भूमिका

आडिट कमेटी निम्नलिखित कार्य करती है :–

1. वित्तीय ब्यौरे सही, पर्याप्त और विश्वसनीय हों, इसीलिए कम्पनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रोसेस की निगरानी करना तथा इसके वित्तीय जानकारी का खुलासा करना।
2. कम्पनी अधिनियम 1956 के अनुसार नियामक तथा महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त किये जाने जाने सांविधिक लेखा परीक्षकों को दिये जाने वाला लेखापरीक्षा शुल्क का निर्धारण करना तथा यदि सांविधिक लेखापरीक्षकों ने कोई अन्य सेवाएं भी प्रदान की हों तो उनके भुगतान हेतु अनुमोदन करना।
3. विशेषतः निम्नलिखित के सन्दर्भ में निदेशक मण्डल के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाने से पूर्व वार्षिक वित्तीय ब्यौरों की प्रबन्धन के साथ मिलकर समीक्षा करना :–
   - क. जिन मामलों को निदेशकों का उत्तरदायित्व ब्यौरे में शामिल किया जाना होता है, वे मामले कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217 के खण्ड (2एए) के अनुसार निदेशक मण्डल की रिपोर्ट में शामिल कर लिये गये हों।
   - ख. लेखा गणना नीतियों और प्रैक्टिसों में होने वाले बदलाव, यदि कोई हों तो तथा उनके कारण।
   - ग. प्रमुख लेखा प्रविष्टियां जिनमें प्रबन्धन द्वारा लिये जाने वाले निर्णय के कार्यान्वयन पर आधारित प्राक्कलन शामिल किये गये हों।
   - घ. लेखापरीक्षा के निष्कर्षों से उठने वाले वित्तीय ब्यौरों में किये गये महत्त्वपूर्ण समायोजन।
   - ङ. सूचीकरण (लिस्टिंग) एवं अन्य विधिक अपेक्षाओं का अनुपालन, जो वित्तीय ब्यौरों से सम्बन्धित हों।
   - च. किसी भी पार्टी लेन–देन से सम्बन्धित खुलासा।
   - छ. मसौदा लेखापरीक्षा रिपोर्ट में अर्हताएं।

4. अनुमोदनार्थ निदेशक मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करने से पूर्व प्रबन्धन के साथ मिलकर तिमाही वित्तीय ब्यौरों की समीक्षा।

5. प्रबन्धन के साथ मिलकर सांविधिक और आन्तरिक लेखा परीक्षकों के कार्य निष्पादन की समीक्षा तथा आन्तरिक कन्ट्रोल सिस्टमों की पर्याप्तता की समीक्षा।

6. आन्तरिक लेखापरीक्षा विभाग के संगठन, उस विभाग के मुखिया की वरीयता एवं स्टाफ, रिपोर्टिंग ढांचा, आन्तरिक लेखापरीक्षा का कवरेज एवं फ्रिक्वेंसी सहित आन्तरिक लेखा परीक्षा कार्य की पर्याप्तता (यदि कोई हो तो) की समीक्षा करना।

7. कोई भी महत्त्वपूर्ण निष्कर्षों और उन पर अनुवर्ती कार्यवाही के बारे में आन्तरिक लेखापरीक्षकों के साथ चर्चा।

8. आन्तरिक लेखापरीक्षकों द्वारा ऐसे मामलों की आन्तरिक जांचों के निष्कर्षों की समीक्षा जिनमें धोखेबाजी या अनियमितता तथा भौतिक तरह के आन्तरिक कन्ट्रोल सिस्टमों की असफलता का सन्देह हो तथा उस मामले के बारे में निदेशक मण्डल को रिपोर्टिंग करनी हो।

9. लेखापरीक्षा की प्रकृति और स्कोप तथा इससे सम्बन्धित किसी भी विषय के बारे में निर्णय देने हेतु लेखापरीक्षा उत्तरवर्ती चर्चा के बारे में लेखापरीक्षा शुरू होने से पहले सांविधिक लेखापरीक्षकों के साथ चर्चा।

10. जमाकर्ताओं, डिबेंचर धारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश का भुगतान नहीं होने की स्थिति में) तथा कर्जदारों को भुगतान करने में हुए सारभूत गलतियों के कारणों का पता लगाना।

11. आडिट कमेटी के द्वारा जैसा भी उल्लेख किया गया हो, किसी अन्य कार्य को करना।

3.5 आडिट कमेटी द्वारा जानकारी की समीक्षा :–

आडिट कमेटी सामान्यतः निम्नलिखित जानकारी की समीक्षा करती है :–

1. वित्तीय स्थिति का विश्लेषण और प्रबन्धन चर्चा तथा आपरेशनों के परिणाम।

2. प्रबन्धन द्वारा प्रस्तुत किये गये महत्त्वपूर्ण पार्टी लेन–देन का ब्यौरा।

3. सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा जारी किये गये आन्तरिक कन्ट्रोल में कमजोरी के पत्र/प्रबन्धन पत्र।

4. आन्तरिक कन्ट्रोल की कमजोरी से संबंधित आन्तरिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट; और

5. मुख्य आन्तरिक लेखापरीक्षक की नियुक्ति, बर्खास्तगी तथा पारिश्रमिक की शर्तें।

4. निदेशकों का पारिश्रमिक

सरकारी कम्पनी होने के कारण हमारी कम्पनी के निदेशकों की नियुक्ति, कार्यकाल और पारिश्रमिक का निर्धारण भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है। वर्ष 2009–10 के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक तथा फंक्शनल निदेशकों को दिया गया पारिश्रमिक उनकी नियुक्ति के निबन्धन और शर्तों के अनुसार था। स्वतन्त्र निदेशकों को कम्पनी अधिनियम 1956 के अनुसार तयशुदा सीमा में निदेशक मण्डल द्वारा तय दर से तथा निदेशक मण्डल की बैठक और कमेटी की बैठक में शामिल होने के लिए सरकारी दिशा–निर्देशानुसार केवल सिटिंग फीस का भुगतान किया गया। पूर्णकालिक निदेशकों को निम्नलिखित पारिश्रमिक पैकेज दिया गया :–

क्र. सं.	मद	राशि (रूपये में)
1	वेतन और भत्ते	17,04,000
2	चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	42,375
3	छुट्टी यात्रा छूट (एल टी सी)	56,240
4	विदेश यात्रा अंशदान	71,446
5	निष्पादन सम्बद्ध वेतन	95,344
6	आयकर नियमावली के अनुसार अनुलब्धियों का मौद्रिक मूल्य	93,162

आई टी पी ओ के निदेशक मण्डल में कोई भी अंशकालिक निदेशक नहीं है, इसीलिए अंशकालीन निदेशकों के पारिश्रमिक पैकेज के बारे में खुलासे के लिए कुछ भी नहीं है।

5. आम सभा की बैठक

पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों के आयोजन की तिथि, समय और स्थान का ब्यौरा इस प्रकार है :–

वर्ष	तिथि	समय	स्थान	विशेष संकल्प
2006-07	05.11.2007	शाम 3 बजे	पंजीकृत कार्यालय	कुछ नहीं
2007-08	12.12.2008	दोपहर पूर्व 11 बजे	पंजीकृत कार्यालय	कुछ नहीं
2008-09	31.12.2009	शाम 5:30 बजे	पंजीकृत कार्यालय	कुछ नहीं

6. प्रबन्धन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट–

प्रबन्धन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट में वे मामले शामिल हैं जो कम्पनी द्वारा निर्धारित सीमा के अन्दर होते हैं, जैसे – औद्योगिक

ढांचा एवं विकास, सबलता और कमजोरी, चुनौतियां और अवसर, जोखिम और कन्सर्न, आन्तरिक कन्ट्रोल सिस्टम और उनकी पर्याप्तता। प्रबन्धन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट वार्षिक रिपोर्ट का अंगभूत हिस्सा होनी चाहिये।

7. वार्षिक आम सभा की बैठक में अध्यक्ष का वक्तव्य एवं वार्षिक रिपोर्ट :–

अध्यक्ष का वक्तव्य कार्पोरेट गवर्नेंस के दिशा–निर्देशों के अनुपालन में उसका भाग है तथा वार्षिक रिपोर्ट का अंगभूत हिस्सा है।

8. प्रकटीकरण (डिस्क्लोजर)

(I) सम्बन्धित पार्टियों के साथ लेन–देन में ये शामिल हैं :– (i) संयुक्त उद्यम समझौते के अन्तर्गत गठित कम्पनियों को तथा कार्यों/सेवाओं की संविदाओं के कारण किया गया भुगतान (ii) महत्त्वपूर्ण प्रबन्धन कार्मिकों को दिया गया पारिश्रमिक, (iii) अनुषंगी कम्पनियों को इक्विटी अंशदान जो बड़े स्तर पर कम्पनी के हित के प्रति संभावित विवाद तरह का नहीं हो। सम्बन्धित पार्टी लेन–देन सम्बन्धी विस्तृत ब्यौरे भारतीय चार्टर्ड एकाउंटैंट्स संस्थान द्वारा जारी तथा नेशनल एडवाइजरी कमेटी आन एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड्स की सलाह पर केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड–18 के अनुसार लेखों के बारे में टिप्पणियों में शामिल किये गये हैं।

(II) आई टी पी ओ का किसी भी प्रकार का सम्बन्धित पार्टी लेन–देन नहीं है – न ही नियमित लेन–देन में और न ही सामान्य लेन–देन में। इसीलिए यदि भविष्य में आवश्यकता होगी तो लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी संशोधित दिशा–निर्देशों के अनुसार आई टी पी ओ का निदेशक मण्डल उसका अनुपालन करेगा।

(III) आई टी पी ओ लागू होने योग्य एकाउंटिंग स्टैण्डर्डों का अनुपालन कर रहा है। केवल सांविधिक लेखापरीक्षकों तथा नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा वित्तीय व्यौरों की समीक्षा के बाद ही निदेशक मण्डल वित्तीय व्यौरों को पारित करता है। वित्त वर्ष 2009–10 का तुलन–पत्र, लाभ एवं हानि लेखा तथा कैश फ्लो स्टेटमेन्ट कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 211 की उपधारा (3 सी) में उल्लिखित एकाउंटिंग स्टैण्डर्डों के अनुसार तैयार किये गये हैं।

(IV) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड – 21, 23 और 27 आई टी पी ओ पर लागू नहीं होते हैं, क्योंकि आई टी पी ओ सूचीबद्ध कम्पनी नहीं है।

(V) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड–17 के प्रावधानानुसार "सेगमेन्ट रिपोर्टिंग" के मामले में आई टी पी ओ लोक उद्यम विभाग के दिशा–निर्देशों का अनुपालन कर रहा है।

(VI) लोक उद्यम विभाग के दिशा–निर्देशानुसार एक व्यापक रिस्क मैनेजमेन्ट पालिसी बनायी जा रही है। भविष्य में जोखिम आकलन एवं न्यूनीकरण प्रक्रियाओं के बारे में निदेशक मण्डल को जानकारी दी जायेगी।

(VII) लोक उद्यम विभाग के रिटूल्ड दिशा–निर्देशानुसार प्रबन्धन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट वार्षिक रिपोर्ट का अंगभूत हिस्सा होनी चाहिये। यह लोक उद्यम विभाग की एक नयी अपेक्षा है तथा वर्ष 2010–11 की वार्षिक रिपोर्ट तैयार करते समय इसका पालन किया जायेगा।

कृते एवं निदेशक मण्डल की ओर से

ह./-
(डा. सुवास पाणि)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक
डी आई एन सं.–02305090

आई आई टी एफ में ओडिशा राज्य दिवस समारोह

आई आई टी एफ में पुदुचेरी राज्य दिवस समारोह

अनुबंध-VI

अनुपालन प्रमाणपत्र

कम्पनी की अभिज्ञान संख्या: यू 74899 डी एल 1976 एन पी एल 008453
अंकित पूंजी : 50,00,000 रू.

सेवा में,
सदस्यगण
इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन
प्रगति भवन, प्रगति मैदान
नई दिल्ली–110001

हमने कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन निगमित इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (कम्पनी), जिसका पंजीकृत कार्यालय प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली – 110001 में है, के 31 मार्च 2010 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए उन रजिस्टरों, अभिलेखों, बहियों तथा कागजातों की जांच कर ली है जो कम्पनी अधिनियम 1956 (अधिनियम) और तदन्तर्गत निर्मित नियमों और कम्पनी के ज्ञापन तथा अन्तर्नियमों में निहित प्रावधानों के अनुसार रखने अपेक्षित हैं। हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमारे द्वारा की गई जांच के अनुसार एवं कम्पनी, इसके अधिकारियों और एजेन्टों द्वारा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के आधार पर उपर्युक्त वित्त वर्ष के बारे में हम यह प्रमाणित करते हैं कि :–

1. कम्पनी ने, इस अधिनियम के प्रावधानों तथा उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुरूप सभी रजिस्टर बनाये हैं, जो इस प्रमाण–पत्र के 'अनुबंध क' में वर्णित हैं और उनमें सभी प्रविष्टियां यथोचित रूप से अंकित हैं।

2. कम्पनी ने इस अधिनियम और उसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों के अधीन निर्धारित समय के भीतर सभी फार्म और विवरणियां, जो इस प्रमाणपत्र के 'अनुबन्ध ख' में वर्णित हैं, कम्पनी रजिस्ट्रार और केन्द्र सरकार को दाखिल कर दिये हैं।

3. धारा 25 के अन्तर्गत पंजीकृत होने के कारण इस कम्पनी के पास निर्धारित न्यूनतम प्रदत्त शेयर पूंजी होनी जरूरी नहीं है। समीक्षाधीन वित्त वर्ष के दौरान इसके सदस्यों की अधिकतम संख्या तीन थी जिसमें इसके वर्तमान और पूर्व कर्मचारी शामिल नहीं हैं और समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने :–

   (i) अपने शेयर और डिबेन्चर खरीदने के लिये आम जनता को आमंत्रित नहीं किया है।

   (ii) अपने सदस्यों, निदेशकों या उनके रिश्तेदारों के अलावा अन्य किसी व्यक्ति से कोई जमा राशि न तो आमंत्रित की है और न ही स्वीकार की है।

4. निदेशक मण्डल की 5 (पाँच) बैठकें 20 अप्रैल 2009, 26 जून 2009, 21 अगस्त 2009, 14 अक्तूबर 2009 और 10 फरवरी 2010 को हुई थीं जिनकी कार्यवाही इस प्रयोजन से बनायी गयी कार्यवृत्त पुस्तिका में उचित रूप से अभिलिखित और हस्ताक्षरित की गयी।

5. समीक्षाधीन वित्त वर्ष के दौरान कम्पनी ने सदस्यों का रजिस्टर बन्द नहीं किया है क्योंकि इसकी प्रतिभूतियां किसी भी स्टाक एक्सचेंज में सूची में दर्ज नहीं थीं।

6. कम्पनी के सदस्यों को अल्पकालीन नोटिस देकर 31.3.2009 को समाप्त वित्त वर्ष की 32वीं वार्षिक आम बैठक 31 दिसम्बर 2009 को आयोजित हुई थी और उसमें पारित प्रस्तावों का इस प्रयोजन के लिए रखी गयी कार्यवृत्त पुस्तिका में यथोचित रूप से रिकार्ड किया गया था। वार्षिक आम बैठक की तिथि बढ़ाने के लिए आवश्यक स्वीकृति अधिनियम के संगत उपबन्धों के अन्तर्गत कारपोरेट मामलों के मंत्रालय से उसके पत्र संख्या 9/35/2008 – सी एल. –V दिनांक 17.09.2009 द्वारा प्राप्त कर ली गयी थी।

7. समीक्षाधीन वित्त वर्ष के दौरान कोई असाधारण आम बैठक आयोजित नहीं की गयी।

8. कंपनी ने अपने निदेशकों और/या व्यक्तियों या अधिनियम की धारा 295 के अन्तर्गत उल्लिखित फर्मों या कंपनियों को कोई ऋण नहीं दिया है।

9. वित्त वर्ष 2009–10 के दौरान कम्पनी ने कोई ऐसा अनुबन्ध नहीं किया है जो इस अधिनियम की धारा 297 के अन्तर्गत आता हो।

10. कम्पनी ने अधिनियम की धारा 301 के अधीन रखे गये रजिस्टर में आवश्यक प्रविष्टियां कर दी हैं।

11. चूंकि ऐसे कोई मामले नहीं थे जो कम्पनी अधिनियम की धारा 314 के अन्तर्गत आते हों, अतः कम्पनी ने अपने निदेशक मण्डल, सदस्यों अथवा केंद्र सरकार से कोई अनुमोदन प्राप्त नहीं किया है।

12. इस वित्त वर्ष के दौरान कम्पनी ने शेयर प्रमाण पत्रों की कोई दूसरी प्रतिलिपि जारी नहीं की है।

13. **कम्पनी ने :–**

    (i) कम्पनी अधिनियम के उपबंधों के अनुसार प्रतिभूतियों के आबंटन संबंधी सभी प्रमाण पत्र भेज दिये हैं। **लागू नहीं होता**

    तथापि समीक्षाधीन अवधि के दौरान 100/– रु. का एक इक्विटी शेयर श्री जी. के. पिल्लै के नाम से श्री राहुल खुल्लर के नाम अन्तरित किया गया।

    (ii) चूंकि यह कम्पनी, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अन्तर्गत निगमित है। अतः इसे अपने सदस्यों को कोई लाभांश देना मना है और इस प्रकार इसको अलग बैंक खाते में कोई राशि जमा कराने की आवश्यकता नहीं है।

    (iii) चूंकि यह कम्पनी, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अन्तर्गत निगमित है और इस प्रकार, अपने सदस्यों को किसी लाभांश का भुगतान करना मना है। अतः कम्पनी को अपने किसी सदस्य को वारन्ट पोस्ट करना आवश्यक नहीं है।

    (iv) अदत्त लाभांश खाते, वापसी देय एप्लिकेशन मनी, परिपक्व जमा, परिपक्व डिबेंचर तथा उस पर मिले ब्याज जिसका सात वर्ष दावा न किया गया हो अथवा भुगतान न किया गया हो, की राशि का अंतरण निवेशक शिक्षा एवं बचाव फण्ड में कर दिया है। **लागू नहीं होता**

    (v) कम्पनी अधिनियम की धारा 217 की अपेक्षाओं का अनुपालन किया है।

14. कम्पनी के निदेशक मण्डल का विधिवत गठन किया गया है और कम्पनी के अन्तर्नियमों के अनुसार निदेशकों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। इस वित्त वर्ष के दौरान आकस्मिक रिक्तियों को भरने के लिए अपर निदेशक, वैकल्पिक निदेशकों और निदेशकों की कोई नियुक्ति नहीं की गई।

15. प्राइवेट कम्पनी होने के कारण इस कम्पनी पर प्रबंध निदेशक/पूर्णकालिक निदेशक/प्रबंधक की नियुक्ति के संबंध में अधिनियम की धारा 269 के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

16. कंपनी ने वित्त वर्ष के दौरान कोई भी एकमात्र विक्रेता एजेन्ट नियुक्त नहीं किये हैं। सरकारी कम्पनी होने के कारण कम्पनी पर अधिनियम 1956 की धारा 294 एवं 294 क क के उपबन्ध लागू नहीं होते।

17. कम्पनी ने अधिनियम के विभिन्न उपबंधों के अन्तर्गत विहित रूप में केन्द्र सरकार से पत्र संख्या 9/35/2008–सीएल V दिनांक 17.9.2009 द्वारा 31 मार्च 2009 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए वार्षिक आम बैठक आयोजित करने के लिए समय बढ़ाने हेतु स्वीकृति प्राप्त कर ली है।

    जैसा कि ऊपर उल्लिखित मामलों के अलावा, कम्पनी को अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार केन्द्र सरकार, कम्पनी विधि परिषद, क्षेत्रीय निदेशक, रजिस्ट्रार और/या ऐसी अन्य अर्थारिटी से स्वीकृति लेना अपेक्षित नहीं है।

18. निदेशकों ने अधिनियम के उपबंधों और उनके अन्तर्गत बने नियमों के अनुसार निदेशक मण्डल को अन्य फर्मों/कम्पनियों में अपना हित स्पष्ट कर दिया है।

19. कम्पनी ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान कोई शेयर/डिबेंचर/अन्य प्रतिभूति जारी नहीं की है।

20. कम्पनी ने इस वित्त वर्ष के दौरान कोई शेयर वापस नहीं खरीदा है।

21. कम्पनी ने इस वित्त वर्ष के दौरान कोई अधिमान्य शेयर/डिबेंचर वापस प्राप्त नहीं किया है।

22. ऐसे कोई लेन–देन नहीं हुये जिससे कंपनी को शेयरों के अन्तरण का रजिस्ट्रेशन होने तक, लाभांश के अधिकारों, अधिकार शेयर, बोनस शेयरों को प्रास्थगित करने की आवश्यकता पड़ी हो। अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अन्तर्गत निगमित होने के कारण कंपनी को अपने सदस्यों को लाभांश और बोनस आदि का भुगतान करना मना है।

23. कम्पनी ने वित्त वर्ष के दौरान अधिनियम की धारा 58 क और उसके अन्तर्गत बनाये गये नियमों के अन्तर्गत आने वाले अनारक्षित ऋण सहित किसी भी जमा को आमन्त्रित/स्वीकार नहीं किया है।

24. प्राइवेट कम्पनी होने के कारण, कम्पनी पर वित्त वर्ष के दौरान लिए गए ऋण पर अधिनियम की धारा 293 (1)(घ) के उपबंध लागू नहीं होते।

25. कम्पनी ने अन्य निगमित निकायों को कोई ऋण या अग्रिम या गारन्टी या प्रतिभूतियां नहीं दी हैं और परिणामतः इस प्रयोजन के लिये रखे गये रजिस्टर में कोई प्रविष्टि नहीं की हैं।

26. कम्पनी ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अपने पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में अवस्थित करने के लिए ज्ञापन के उपबन्धों में कोई परिवर्तन नहीं किया है।

27. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने अपने उद्देश्यों के संबंध में ज्ञापन के उपबंधों में कोई परिवर्तन नहीं किया है।

28. कम्पनी ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी के नाम के संबंध में ज्ञापन के उपबंधों में कोई परिवर्तन नहीं किया है।

29. कम्पनी ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी की शेयर पूंजी के संबंध में ज्ञापन के उपबंधों में कोई परिवर्तन नहीं किया है।

30. कम्पनी ने इस वित्त वर्ष के दौरान अपने आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन में कोई परिवर्तन नहीं किया है।

31. कम्पनी के अधिकारियों द्वारा दिये गये स्पष्टीकरणों के अनुसार, इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध के लिए कम्पनी के विरुद्ध कोई मुकदमा नहीं चलाया गया था, उसे कोई कारण बताओ नोटिस प्राप्त नहीं हुआ अथवा उस पर कोई जुर्माना या शास्ति नहीं लगाई गई।

32. कम्पनी के अधिकारियों द्वारा दिये गये स्पष्टीकरणों के अनुसार, इस वित्त वर्ष के दौरान कम्पनी ने अपने कर्मचारियों से कोई प्रतिभूति प्राप्त नहीं की है।

33. कम्पनी के अधिकारियों द्वारा दिये गये स्पष्टीकरणों के अनुसार, कम्पनी ने अधिनियम की धारा 418 के अन्तर्गत यथापेक्षित अपने कर्मचारियों के लिए पृथक् भविष्य निधि न्यास का गठन किया है।

कृते निसार ऐंड एसोसिएट्स
कम्पनी सचिव

ह./-
(निसार अहमद)
प्रोपराइटर
सी.पी.सं. 1966
(एफसीएस–3360)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21 अक्तूबर 2010

अनुबंध-क

कम्पनी द्वारा रखे गए रजिस्टर

सांविधिक रजिस्टर

1. अधिनियम की धारा 150 के अन्तर्गत सदस्यों का रजिस्टर
2. अधिनियम की धारा 193 के अन्तर्गत निदेशक मंडल की बैठकों और आम बैठकों के कार्यवृत्त
3. अधिनियम की धारा 301 के अन्तर्गत संविदाओं का रजिस्टर
4. अधिनियम की धारा 303 के अन्तर्गत निदेशकों आदि का रजिस्टर
5. अधिनियम की धारा 209 के अन्तर्गत लेखाबही

अन्य रजिस्टर

1. शेयर हस्तान्तरण का रजिस्टर
2. स्थायी परिसंपत्तियों का रजिस्टर
3. निवेशों का रजिस्टर
4. निदेशकों की उपस्थिति का रजिस्टर
5. शेयरधारकों का उपस्थिति रजिस्टर
6. शेयर प्रमाणपत्र रजिस्टर

अनुबंध-ख

31 मार्च, 2010 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा कम्पनी–रजिस्ट्रार के पास दाखिल फार्म एवं विवरणियां

क्र. सं.	फार्म संख्या/ विवरणी	जिस धारा के अन्तर्गत दाखिल किया गया	दस्तावेजों/फार्मों/विवरणियों का संक्षिप्त विवरण	दाखिल करने की तारीख	क्या निर्धारित समय के अन्दर दाखिल किया गया, हाँ/नहीं	यदि दाखिल करने में विलम्ब हुआ तो क्या अपेक्षित अतिरिक्त फीस दी गयी, हाँ/नहीं
1.	फार्म 32	303	नामित निदेशक के रूप में 1 जून, 2009 से श्री हरदीप सिंह पुरी के स्थान पर सुश्री रीनत सन्धु की नियुक्ति	13.07.2009	नहीं	हाँ, एस.आर.एन. : ए 65151862 द्वारा
2.	फार्म 32	303	1 जुलाई, 2009 से श्री राहुल खुल्लर की नामित निदेशक के रूप में नियुक्ति और 30 जून, 2009 से सुश्री शीला भिडे की प्रबन्ध निदेशक के रूप में निवृत्ति	30.07.2009	हाँ, एस.आर.एन.: ए 66269952 द्वारा	लागू नहीं होता
3.	फार्म 32	303	29.07.2009 से श्री राहुल खुल्लर की नामित निदेशक के रूप में निवृत्ति और श्री सुवास चन्द्र पाणि की निदेशक के रूप में नियुक्ति	25.08.2009	हाँ, एस.आर.एन.: ए 67953307 द्वारा	लागू नहीं होता
4.	फार्म 32	303	07.08.2009 से श्री सुवास चन्द्र पाणि की प्रबन्ध निदेशक के रूप में नियुक्ति	27.08.2009	हाँ, एस.आर.एन. : ए 68079482	लागू नहीं होता
5.	फार्म 66	383 क	31 मार्च, 2009 को समाप्त वर्ष का अनुपालन प्रमाण–पत्र	22.01.2010	हाँ, एस.आर.एनः ए 45090099 द्वारा	लागू नहीं होता
6.	फार्म23ए.सी. और एसीए	220	31 मार्च, 2009 को समाप्त वर्ष का तुलन पत्र तथा लाभ–हानि लेखा	28.01.2010	हाँ, एस.आर.एनः ए 45284759 द्वारा	लागू नहीं होता
7.	फार्म 20बी	159	31 मार्च, 2009 को समाप्त वर्ष की वार्षिक रिटर्न	25.02.2010	हाँ, एस.आर.एनः ए 46045449 द्वारा	लागू नहीं होता
8.	फार्म 32	303	01.06.2007 से नामित निदेशक के रूप में श्री सुतानु बेहुरिया के पदनाम में संशोधन	25.02.2010	नहीं	हाँ, एस.आर.एनः ए 79327433 द्वारा
9.	फार्म 32	303	श्री राजीव यादव की निदेशक के रूप में 17.01.2010 से सेवा निवृत्ति	25.02.2010	नहीं	हाँ, एस.आर.एनः ए 79327946 द्वारा
10.	फार्म 32	303	श्री नीरज कुमार गुप्ता की 16.02.2010 से निदेशक के रूप में नियुक्ति	17.03.2010	हाँ, एस.आर.एनः ए 80769284 द्वारा	लागू नहीं होता

लेखा

इण्डिया ट्रेड
प्रमोशन आर्गनाइजेशन

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

31 मार्च 2010

देयताएं	अनुसूची	31.03.2010 को यथास्थिति (रुपये)	31.03.2009 को यथास्थिति (रुपये)
शेयर पूंजी	1	**25,00,000**	25,00,000
आरक्षित और अधिशेष	2	**7,06,46,54,207**	6,28,89,20,892
चालू देयताएं और प्रावधान	3	**1,75,19,31,159**	1,14,51,62,621
		8,81,90,85,366	7,43,65,83,513

1 से 21 तक प्रपत्र लेखे की अंगभूत अनुसूचियां हैं।

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

को तुलन पत्र

परिसम्पत्तियां	अनुसूची	31.03.2010 को यथास्थिति (रुपये)	31.03.2009 को यथास्थिति (रुपये)
स्थायी परिसम्पत्तियां	4	**40,69,98,022**	32,50,54,761
निवेश	5	**12,38,69,520**	12,37,64,743
चालू परिसम्पत्तियां, ऋण एवं अग्रिम			
-चालू परिसम्पत्तियां	6	**7,30,68,79,428**	5,67,89,73,391
-ऋण एवं अग्रिम	7	**98,10,92,249**	1,30,82,20,446
विविध व्यय (जिन्हें न तो बट्टे–खाते में डाला गया है और न ही उनका समायोजन किया गया है)	18	**2,46,147**	5,70,172
		8,81,90,85,366	7,43,65,83,513

ह./-
(ए. के. खन्ना)
वरिष्ठ महाप्रबन्धक,
वित्तीय सलाहकार
तथा कम्पनी सचिव

ह./-
(नीरज कुमार गुप्ता)
कार्यकारी निदेशक

ह./-
(डा. सुवास पाणि)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते तिवारी ऐण्ड एसोसिएट्स
चार्टरित लेखाकार

ह./-
(संदीप शाण्डिल्य)
साझेदार
सदस्यता सं. 85747
एफआरएन 002870 एन

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 31 अगस्त, 2010

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

31 मार्च, 2010 को समाप्त

व्यय	अनुसूची		2009-2010 रु.	2008-2009 रु.
वेतन एवं भत्ते	8		**71,26,47,028**	70,42,15,571
भागीदारी शुल्क			**10,96,49,321**	10,47,27,743
विनिर्माण कार्य एवं आन्तरिक सजावट			**8,22,56,586**	7,61,92,745
नौभार शुल्क, पैकिंग और हैण्डलिंग			**48,55,344**	19,90,766
प्रचार			**5,96,71,560**	5,99,50,219
यात्रा एवं वाहन			**4,81,28,876**	4,99,78,236
[इसमें निदेशकों पर हुआ **42,98,007** रु. (54,41,711 रु.) का व्यय शामिल है]				
डाक, तार, टेलीफोन			**1,08,52,064**	1,09,65,734
प्रिंटिंग और स्टेशनरी			**73,45,569**	64,46,178
पुस्तकें और पत्र–पत्रिकाएं			**17,38,711**	30,81,732
प्रकाशनों पर व्यय			**2,38,704**	2,12,872
मनोरंजन [इसमें निदेशकों पर किया गया **1,78,477** रु. (2,22,212 रु.)शामिल हैं]			**60,99,771**	67,28,789
प्रगति मैदान का रख–रखाव	9		**15,72,65,270**	12,89,64,209
विद्युत एवं जल प्रभार		**13,18,87,545**		
वसूली : घटाकर		**-7,21,31,191**	**5,97,56,354**	5,93,68,539
मरम्मत, नवीकरण और रख–रखाव			**1,75,72,943**	1,31,93,458
किराया, दर और कर (निवल)	10		**2,57,44,488**	2,70,84,323
अन्य व्यय	11		**3,62,10,260**	4,57,06,829
प्रावधान/बट्टे–खाते में डालना	12		**1,30,18,349**	1,31,97,643
लेखा परीक्षकों का पारिश्रमिक				
- लेखा परीक्षा शुल्क			**2,30,000**	2,30,000
- कर लेखा परीक्षा शुल्क			**65,000**	65,000
- अन्य व्यय			**76,674**	1,55,692
मूल्यह्रास			**2,63,92,522**	3,57,50,783
